परनामी ने कहा कि गहलोत यह नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत है। भाजपा सरकार संगठन के साथ एकमुखी होकर जनता को विकास की योजनाएं दे रही है। गहलोत अपने तीन बार के मुख्यमंत्री कार्यकाल में जो कार्य नहीं करा सके, वे सभी काम जन-जन के लाडले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 20 माह के ही कार्यकाल में कर दिखाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो कहते है उसे पूरा करते हैं। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में संकल्प पत्र में किए गए वादों में से 50 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा कर दिखाया है। भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को ईआरसीपी, यमुना जल समझौते की सौगात दी। बिजली में प्रदेश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। युवाओं को 75 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गहलोत झूठे वादे करके ही हमेशा सत्ता में आए। उनके पिछले कार्यकाल में पेपरलीक की घटनाओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्रदेश की जनता को उनका जंगल राज याद है, जब प्रदेश महिला अपराध में नम्बर वन, महंगी बिजली में नम्बर वन था। उन्होंने कर्जमाफी का झूठा वादा कर किसानों को लूटा, पेट्रोल-डीजल से जनता की जेब पर डाका डाला। गहलोत के कार्यकाल में प्रदेश भ्रष्टाचार में नम्बर वन था। उन्होंने कहा कि गहलोत को नकारात्मक राजनीति छोड़कर सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अच्छे कार्यों की प्रशंसा करनी चाहिए और अपने सुझाव भी देने चाहिए।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने रविवार को पत्रकारों से रूबरू होकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा।

- **उन्होंने कहा कि ''गहलोत युवा और किसान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन और विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे हैं। ''**

प्रभारी जोगाराम पटेल ने ली समीक्षा बैठक

जयपुर। वर्षा प्रभावितों तक जल्द से जल्द राहत पहुँचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का। जोगाराम पटेल ने यह बात रविवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए की। उन्होंने आपदा के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुआवजा स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार की उपस्थिति में आयोजित बैठक में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति, प्रभावित जनता को समय पर सहायता उपलब्ध कराने, गिरदावरी और फसल नुकसान के सर्वेक्षण की स्थिति सहित बीमा दावों एवं मुआवजा प्रक्रिया की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जाए तथा राहत सामग्री एवं चिकित्सकीय सेवाएं शीघ्रता से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने फसल हानि एवं पशु हानि का सही आकलन कर प्रभावित किसानों और पशुपालकों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव आज

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आतिथ्य में सोमवार को बिरला सभागार में प्रदेश के मसालों से जुडे कृषकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं अन्य मसाला हितधारकों के लिए कृषि विपणन विभाग-बोर्ड द्वारा राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 226 करोड रुपए की लागत से हुए 143 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा में नवाचार और मानक सुधार जारी : चिकित्सा मंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के नेतृत्व में राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवाचारों ने प्रदेश की सेहत की तस्वीर बदल दी है। निरामय राजस्थान अभियान, मिशन मधुहारी, मिशन लीवर स्माइल, स्तनपान प्रबंधन इकाइयां, हीमोडायलिसिस वार्ड और मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना जैसी पहलों के माध्यम से आमजन को बेहतर, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इन योजनाओं के प्रभाव से न केवल ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि प्रदेश के दूर-दराज़ और आदिवासी इलाकों में भी बीमारियों का प्रभावी इलाज हो रहा है। निरामय राजस्थान अभियान के तहत हर माह स्वास्थ्य जागरूकता की एक थीम पर आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मिशन मधुहारी के तहत टाइप-1 डायबिटीज रोगियों को नि:शुल्क इंसुलिन और ग्लूकोमीटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि मिशन लीवर स्माइल से लीवर रोगों के प्रति जागरूकता और समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए स्तनपान प्रबंधन इकाइयों की स्थापना की गई है, जो नवजात शिशुओं को मां का दूध उपलब्ध कराने में सहायक हैं। किडनी रोगियों के लिए जिला अस्पतालों में हीमोडायलिसिस वार्ड बनाकर डायलिसिस सेवाएं सुलभ की गई हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाकर आदर्श ग्रामों का निर्माण किया जा रहा है। स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत एचआईवी संक्रमित महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई, जिससे समय पर इलाज की सुविधा मिली है। इन समर्पित प्रयासों से राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार हुआ है और प्रदेशवासी स्वस्थ जीवनशैली की ओर जागरूक हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी नीतियों ने राजस्थान को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई दिशा दी है।

82 प्रतिशत भारतीय ट्रैवलर्स की पसंद हैरिटेज और फेस्टिवल टूरिज्म : ललित के. पंवार

12वां आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन और 24वीं एनुअल जनरल मीटिंग संपन्न

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। हाल ही में जारी सांस्कृतिक पर्यटन रिपोर्ट बताती है कि 82 प्रतिशत भारतीय पर्यटक हैरिटेज और त्यौहारों के लिए यात्रा करना पसंद करते हैं। पर्यटन वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में लगभग 5 प्रतिशत का योगदान देता है। अगर हम इसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर सकें, तो इस क्षेत्र में लगभग 4 करोड़ रोज़गार सृजित करने की क्षमता है।'' यह बात राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन के पूर्व चेयरमैन, आईएएस, ललित के पंवार ने कैसल कानोता में आयोजित 12वें आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन के समापन पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कही।

- **कैसल कानोता में पूरे भारत से लगभग 150 हैरिटेज होटेलियर्स शामिल**
- **दो दिनों के दौरान विविध विषयों पर ज्ञानवर्धक एवं रोचक सत्रों का हुआ आयोजन**
- **इस कन्वेंशन में पहला ठाकुर रणधीर विक्रम सिंह मंडावा मेमोरियल अवॉर्ड प्रदान किया गया**

उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि पर्यटन में उन क्षेत्रों में भी रोज़गार पैदा करने की अनोखी क्षमता है ,जहां अवसर कम हैं, जैसे रेगिस्तानी इलाके। पंवार ने यह भी बताया कि विदेशी पर्यटकों का आगमन अब महामारी से पहले की स्थिति पर पहुंच रहा है, जो उद्योग के सुधार और विकास के लिए अच्छे संकेत हैं।भारत में हैरिटेज टूरिज्म एवं पर्यटन को प्रमोट करने के उदेश्य के साथ आयोजित इंडियन हैरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) के दो दिवसीय 12वें आईएचएचए एनुअल कन्वेंशन और 24वीं एनुअल जनरल मीटिंग का जयपुर स्थित कैसल कानोता में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दो दिवसीय कन्वेंशन के दौरान विविध विषयों पर ज्ञानवर्धक एवं रोचक सत्रों का हुआ आयोजन, जिसमें पर्यटन एवं हेरिटेज प्रॉपर्टीज के भविष्य और संरक्षण पर चर्चा की गई।

ठाकुर रणधीर विक्रम सिंह मंडावा मेमोरियल अवॉर्ड

इस अवसर पर पहली बार हैरिटेज हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए ठाकुर रणधीर विक्रम सिंह मंडावा मेमोरियल अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड आईएचएचए के प्रेसिडेंट एमिरेट्स, एचएच महाराजा गज सिंह द्वारा नीमराणा होटल्स के चेयरमैन अमन नाथ को प्रदान किया गया।

इस दौरान स्वर्गीय रणधीर विक्रम सिंह मंडावा की बेटियां रोहिणी सिंह, नियति सिंह और भतीजे अंगद मंडावा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रणधीर विक्रम सिंह मंडावा का जब निधन हुआ था, तब वे आईएचएचए के अध्यक्ष थे। वे हैरिटेज टूरिज्म के क्षेत्र में प्रख्यात नाम रहे हैं, जिन्हें विश्व पर्यटन में मंडावा और शेखावाटी क्षेत्र को आगे लाने का श्रेय जाता है।

फ्यूचर ऑफ टूरिज्म पर सत्र

कन्वेंशन के दौरान फ्यूचर ऑफ टूरिज्म विषय पर एक ज्ञानवर्धक पैनल चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा के दौरान राजस्थान के युवा होटेलियर्स पैनल में शामिल हुए। उन्होंने गेस्ट द्वारा किसी जगह की मौखिक रूप से तारीफ (वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी) करने को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव अन्य गेस्ट्स पर भी ज्यादा असरदार होता है।

वहीं, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कई नए डिजिटल टूल्स की मदद से अब ऐसी जगहें भी लोगों के सामने आ रही हैं, जो पहले पर्यटकों की नजरों से छुपी हुई थीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में किसी भी ब्रांड के लिए ऐसा इन्फ्लुएंसर चुनना जरूरी हो गया है, जो उसकी कहानी को उस भाव के साथ लोगों तक पहुंचा सके, जैसा भाव उस कहानी में छुपा होता है। इस सत्र में एम.के जयदेव सिंह कोटा, अविजीत सिंह रोहेट, भाग्यदित्य सिंह देवगढ़ और मोरमुकुट सिंह कानोता ने हिस्सा लिया।

''रिवाइविंग द डाइंग आर्ट एंड क्राफ्ट'' पर चर्चा

इस दौरान एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा रिवाइविंग द डाइंग आर्ट एंड क्राफ्ट विषय पर आयोजित हुई। जिसमें प्राणा सिंह जामवाल, युवरागी राठौड़, शान भटनागर और देव्यानी भटनागर ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि राजस्थानी पहनावा, पारंपरिक संगीत, स्थानीय व्यंजन और त्योहार न सिर्फ हमारी संस्कृति की पहचान हैं, बल्कि ये हमें अपनी जड़ों से भी जोड़े रखते हैं।

उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि किसी भी कला या शिल्प को जीवित रखने के लिए उसका इतिहास और उससे जुड़ी कहानियां जानना और समझना बेहद जरूरी है।

पर्यटन-हॉस्पिटैलिटी उद्योग में जीएसटी के प्रभाव पर चर्चा

भारत 22 सितंबर से एक सरल दो-स्लैब जीएसटी प्रणाली को अपनाने जा रहा है, जिससे पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसी विषय को केंद्र में रखते हुए कन्वेंशन में जीएसटी पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में सीए यश धड्डा और सीए चित्रांगदा शेखावत ने होटल व्यापार, हेरिटेज प्रॉपर्टीज और रेस्टोरेंट से संबंधित जीएसटी नियमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कन्वेंशन में होटेलियर्स और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े उपस्थित लोगों की विभिन्न भ्रांतियों का समाधान करते हुए उन्हें विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

होर्स सफारी एंड रुरल टूरिज्म पर चर्चा

इस पैनल चर्चा में मल्लिका सिंह डुंडलोद, रघुवेंद्र सिंह डुंडलोद, ओलिवर सिंक्लेयर, महिराज सिंह चनौद और अंगद देव मंडावा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार होर्स सफारी ग्रामीण समुदायों का समर्थन करते हुए स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देती है। उन्होंने मारवाड़ी घोड़ों के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये स्वस्थ और उत्कृष्ट घोड़े अब खेलों का भी हिस्सा हैं, जिससे वे ऑथेंटिक और रिस्पॉन्सिबल एक्सपीरियंस चाहने वाले यात्रियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गए हैं।इसके अतिरिक्त, नरेश अरोड़ा द्वारा मार्केटिंग पर; यदुवीर बेरा द्वारा बेरा जैकेट्स पर और भारत सिंह द्वारा ओल्ड सिटी ऑफ जयपुर विषय पर रोचक टॉक्स आयोजित हुए। कार्यक्रम का समापन के आईएचएचए के संयुक्त सचिव, पृथ्वी सिंह कानोता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

हैरिटेज टूरिज्म के प्रख्यात नाम स्वर्गीय रणधीर विक्रम सिंह मंडावा की स्मृति में उनकी बेटियां रोहिणी सिंह, नियति सिंह और भतीजे अंगद ने रविवार को नीमराणा होटल्स के चेयरमैन अमन नाथ को मंडावा ठाकुर रणधीर विक्रम सिंह मंडावा मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया। यह पुरस्कार हैरिटेज हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिया गया।

बजरंग दल चलाएगा देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान

जयपुर। युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशे की लत को गंभीर चिंता का विषय मानते हुए बजरंग दल ने देशभर में नशा मुक्ति अभियान शुरू करने की घोषणा की है। जयपुर प्रवास के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों और समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

- **स्कूल-कॉलेजों और समाज में होंगे जागरूकता कार्यक्रम**

उन्होंने बताया कि यह अभियान विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के युवा संगठन बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा। इसके तहत साप्ताहिक बैठकों में यह तय किया जाएगा कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समाज के विभिन्न संगठनों, युवाओं और प्रशासन के साथ समन्वय कैसे बढ़ाया जाए। नीरज दौनेरिया ने कहा कि देश के अधिकांश प्रमुख मंदिरों का नियंत्रण सरकार के पास है, जबकि विहिप का मानना है कि मंदिरों का प्रबंधन हिंदू समाज के लोगों द्वारा किया जाना चाहिए तथा मंदिरों की आय केवल हिंदू समाज के हितों में खर्च की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस विषय पर आगामी बैठकों में ठोस रणनीति बनाई जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर देशभर के मुख्यमंत्रियों, विधायकों से संवाद स्थापित किया जाएगा। साथ ही जनजागरण अभियान, सम्मेलन और जनसभाएं भी आयोजित की जाएंगी।

कोटड़ा में सवा इंच बारिश, उदयपुर शहर का बड़ी तालाब छलका

आयड़ नदी का बहाव कम हुआ, बस्तियों के लोगों को राहत मिली

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर शहर में झीलों के लबालब होने में रविवार को बड़ी तालाब का नाम भी जुड़ गया। शहर के बीच स्थित सबसे बड़ी क्षमता वाली इस झील पर रविवार को चादर चल गई। वहीं फतहसागर, पीछोला, स्वरूपसागर पहले ही ओवरफ्लो चल रहे हैं।

इधर, शहर में रविवार को आयड़ नदी का बहाव कम पड़ने से निचली बस्तियों में रह रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। शहर की जिन कॉलोनियों में शनिवार को पानी घुस गया वहां लोगों ने दिनभर घरों की सफाई की और बेसमेंट में भरे पानी को मोटरों द्वारा बाहर निकाला। बीते 12 घंटों में उदयपुर जिले में रिमझिम बारिश का दौर चला जिले में सर्वाधिक बारिश कोटड़ा में 35 मिमी होने के समाचार मिले हैं।

उदयपुर में सेवाश्रम की कनेक्टिंग पुलिया पर सड़क पर पानी बह रहा है।

- **उदयपुर में रविवार को भी रिमझिम बारिश हुई, उदयसागर के गेट 8-8 फीट खुले**

उदयपुर शहर में शनिवार को आयड़ नदी के उफान पर आने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी, लेकिन बारिश का थोड़ा कम पड़ने से रविवार रात से ही आयड़ नदी का प्रवाह कम होने लगा ,जहां कल आयड़ नदी पूरे उफान के साथ उसके नौ कोठे का टच करते हुए बह रही थी। वहीं इसका वेग कम हो गया। शहर के करजाली हाउस, साइफन कॉलोनी, आयड़, अलीपुरा, कृष्णपुरा, पुलां, ठोकर, अहिंसापुरी कॉलोनियों में जहां घरों में पानी भर गया, वहां दिनभर लोगों ने घरों से पानी निकाल सफाई की।

इधर, फतहसागर झील के गेट एक इंच कम कर अब चारों गेट तीन-तीन इंच खुले हुए हैं वहीं स्वरूपसागर के दो गेट 1 फीट 6 इंच व दो गेट दो-दो फीट खुले हुए हैं। सीसारमा नदी अब भी छह फीट के वेग से बह रही है। देवास प्रथम के गेट भी 6 इंच खुले हुए हैं। वहीं उदयसागर के गेट 8-8 फीट खुले हुए हैं।

महात्मा गांधी सरकारी स्कूल का बरामदा गिरा, रात होने से हादसा टला

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के लोहारवाड़ा महात्मा गांधी सरकारी स्कूल का बरामदा शनिवार रात को भरभराकर ढह गया। बरामदे के आसपास के तीन कमरे भी क्षतिग्रस्त हो गए। रात का समय होने से स्कूल में कोई बच्चे और टीचर्स नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। स्कूल के 8

- **बरामदा गिरने से आसपास के तीन कमरे भी क्षतिग्रस्त**
- **स्कूल के 8 कमरे जर्जर हालत में हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का डर है**

कमरे जर्जरहाल हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का डर है। स्कूल प्रशासन की ओर से इन कमरों में बच्चों को बैठाने से साफ इनकार किया गया है।

डूंगरपुर में बरसात का दौर चल रहा है। बारिश की वजह से कई भवनों को नुकसान पहुंचा है। वहीं झालावाड़ में स्कूल हादसे के बाद से ही सरकारी स्कूलों में जर्जर हाल कमरों में बच्चों को बैठाना बंद कर दिया है। शहर के लोहारवाड़ा स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि आज सुबह स्कूल का जर्जर हाल बरामदा गिरने की सूचना मिली थी। स्कूल जाकर देखा तो बरामदे की छत ढह गई थी। दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बरामदे के आसपास के तीन कमरों को भी नुकसान हुआ है। बरामदा गिरने की घटना रात के समय होने से बड़ा हादसा टल गया। स्कूल में बच्चे और स्टाफ के होने पर बड़ा हादसा हो सकता था।

डूंगरपुर शहर के लोहारवाड़ा महात्मा गांधी सरकारी स्कूल का बरामदा शनिवार रात को भरभराकर ढह गया।

प्रिंसिपल राजेश चौबीसा ने बताया कि स्कूल के 12 गुना 50 का बरामदा और 8 कमरे पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। बरामदे के 2 पिलर पहले से क्षतिग्रस्त हो चुके थे। जिससे कभी भी हादसे का डर पहले से था। इस वजह से इन कमरों में बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा था। स्कूल में कक्षा पहली से 10वीं तक 180 स्टूडेंट पढ़ते हैं, लेकिन केवल 3 कमरे ही बचे हैं। ऐसे में बच्चों को कमरों में बैठाकर पढ़ाई करवाना मुश्किल हो रहा है। इसे लेकर पहले भी शिक्षा विभाग और प्रशासन को अवगत करवाया गया है। प्रिंसिपल ने स्कूल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग रखी है।

डूंगरपुर जिले में तीन दिन से बारिश जारी

कनबा में सबसे अधिक साढ़े तीन इंच बरसात हुई

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर में तीन दिन से रुक-रुककर बरसात का दौर जारी है। रात के समय बरसात के बाद रविवार सुबह रिमझिम और हल्की बरसात से दिन की शुरुआत हुई। आसमान में घनघोर काले बादल छाए रहे। वहीं लगातार बारिश की वजह से कई बांध और तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो बह रहे हैं। खेत भी तालाब में तब्दील हो गए हैं। कनबा में सबसे ज्यादा साढ़े तीन इंच बरसात हुई है।

- **लगातार बारिश की वजह से कई बांध और तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो बह रहे हैं**

मौसम विभाग की ओर से डूंगरपुर जिले में दो दिन तक बारिश के रेड अलर्ट के बाद रविवार को येलो अलर्ट है। सुबह के समय आसमान में घनघोर काले बादल छाए रहे। वहीं रिमझिम और हल्की बरसात से शुरुआत हुई। रुक-रुककर बरसात का दौर चल रहा है। तीन दिन से डूंगरपुर में रुक-रुककर तेज और हल्की बरसात हो रही है। बारिश की वजह से कई बांध, तालाब पर 2 से 3 फीट या इससे भी ज्यादा की चादर चल रही है।

जिले के सबसे बड़े सोम कमला आंबा बांध के तीन गेट से पानी की निकासी हो रही है। वहीं दूसरी ओर बांसवाड़ा के माही डेम के गेट खुले होने से बेणेश्वर धाम टापू बना हुआ है। बेणेश्वर धाम के तीनों पुलिया पर पानी बह रहा है। जिससे आवाजाही पिछले 15 दिन से बंद है। डूंगरपुर में रविवार सुबह 8 बजे तक औसत डेढ़ इंच बरसात हुई। सबसे ज्यादा साढ़े 3 इंच (91 एमएम) बरसात कनबा में रिकॉर्ड हुई है। इसके अलावा डूंगरपुर शहर में ढाई इंच (68 एमएम), देवल में 65 एमएम, वेंजा में 60 एमएम, गलियाकोट में 52 एमएम, चिखली में 41 एमएम, आसपुर में 33 एमएम, सोम कमला आंबा बांध क्षेत्र में 23 एमएम, धंबोला में 23 एमएम, सागवाड़ा में 26 एमएम, निठाउवा में 25 एमएम, गणेशपुर में 19 एमएम, साबला में 19 एमएम बारिश हुई है।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी की 11 बाइक जब्त

पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन जनों को गिरफ्तार किया।

झुंझुनूं, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरों की एक गैंग को दबोचते हुए बाइक चोरियों की कई वारदातों का खुलासा किया है। आरोपियों से 11 चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है। वहीं अन्य के लिए पूछताछ जारी है। आरोपी ना केवल झुंझुनूं, बल्कि सीकर और जयपुर ग्रामीण जिलों में भी लगातार चोरी की वारदातें कर रहे थे।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिछले माह ही 24 अगस्त को झुंझुनूं शहर के एक निजी अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी हुई थी, जिसके बाद से कोतवाली पुलिस लगातार चोरों का पीछा कर रही थी। करीब 300 सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरों तक पुलिस पहुंचने वाली थी कि मुखबिर के जरिए इत्तला मिली कि गुढ़ा रोड पर एक बाइक पर तीन युवक आ रहे हैं, जिनके पास चोरी की बाइक है। जिस पर पुलिस ने तीनों युवकों को बाइक के साथ

- **झुंझुनूं, सीकर और जयपुर ग्रामीण जिलों में भी लगातार चोरी की वारदातें कर रहे थे आरोपी**
- **आरोपियों से पूछताछ करने पर करीब दो दर्जन चोरी की वारदातें कबूल की**

दबोचा। यह बाइक चोरी की थी। आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने सीकर और जयपुर ग्रामीण समेत झुंझुनूं जिले में करीब दो दर्जन चोरी की वारदातें कबूली है। आरोपियों की निशानदेही पर नेशनल हाइवे के निर्माणाधीन पुल के पास मलसीसर रोड की पहाड़ी की तलहटी से 10 और चोरी की बाइक बरामद की गई है। इसी तलहटी में आरोपियों ने चोरी की बाइक का गोदाम बना रखा था। आरोपी जल्द ही सभी बाइकों को ठिकाने लगाने वाले थे कि उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तारी तीनों आरोपी सीकर के खंडेला थाना इलाके के कोटड़ी निवासी दीपक पुत्र रिछपाल सिंह जाट, वार्ड नंबर सात खंडेला निवासी सचिन पुत्र मनोहरलाल गुर्जर तथा लुहारवास निवासी विकास कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार मेघवाल है, जिनके आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। साथ ही अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि सभी बाइकों के चैसिस नंबर लेकर इनके मालिकों को सूचित किया जा रहा है। इसके अलावा आरोपी एक ही मॉडल की बाइकों को चुराते थे। आरोपी हीरो होंडा की स्पलेंडर बाइक का लॉक तोड़ने में माहिर है।

युवक ने आत्महत्या की

अलवर, (निसं)। बहरोड़ के सदर थाना क्षेत्र के कारोड़ा गांव में शनिवार रात को 35 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के बाहर एक पेड़ पर लटका मिला। रविवार सुबह शव को परिजनों ने ग्रामीणों की सहायता से पेड़ से उतारा और अंतिम संस्कार करने के लिए गांव के श्मशान घाट लेकर चले गए। अंतिम संस्कार करने की तैयारी चल रही थी, तभी मृतक के रिश्तेदारों की सूचना पर सदर थाना पुलिस श्मशान घाट पहुंची और अंतिम संस्कार रुकवाकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में ले गई। बाद में जिला अस्पताल के चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। बहरोड़ के सदर थाना के एएआई ने बताया कि पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि कारोड़ा गांव में राकेश की किसी ने हत्या कर दी है और शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। क्षेत्र के एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप युवती ने लगाया है। युवती के आरोपों के आधार पर आरोपी युवक रविन्द्र को भाबरू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि एक युवती ने पुलिस थाना भाबरु में एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। युवती ने अपनी शिकायत में कहा कि युवक उससे पिछले चार साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए व रुपए भी उधार लिए एवं ब्लैकमेल करने की नियत से अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए।

युवती ने बताया कि युवक पहले से ही शादीशुदा है। वह मेरे घरवालों द्वारा कहीं भी मेरा रिश्ता करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। जिस पर युवती ने पुलिस थाना भाबरू में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरु की।

जानकारी के अनुसार जिला कोटपुतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी सहयोग और आसूचना के आधार पर आरोपी रविन्द्र पुत्र जंगाराम को गिरफ्तार किया गया।

लव जिहाद और धर्मांतरण के बढ़ते मामले एक गंभीर खतरा : सुनील आंबेकर

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने लव जिहाद और धर्मांतरण के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। आंबेकर ने कहा कि जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखे से किया गया धर्मांतरण अनुचित है। इससे समाज में अशांति फैल सकती है। यह समस्या केवल धार्मिक ही नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के लिए भी एक गंभीर खतरा है। आंबेकर ने रविवार को यहां पत्रकार वार्ता में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को सामाजिक उपद्रव बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें हर हाल में रोकना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भावना के लिए एक गंभीर चुनौती है। इस समस्या का समाधान एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन हमें विश्वास है कि जल्द ही अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी।

- **जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखे से किया गया धर्मांतरण अनुचित है, इससे समाज में अशांति फैल सकती है'**
- **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को सामाजिक उपद्रव बताया**

आंबेकर ने जोधपुर के लालसागर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक के आखिरी दिन मीडिया से बातचीत में कहा कि संघ का मानना है कि समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर इस समस्या का सामना करना होगा, क्योंकि धर्मांतरण के खिलाफ यह संघर्ष न केवल हिंदू धर्म की रक्षा का मामला है, बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने का भी प्रश्न है।

सुनील आंबेकर ने कहा कि जनजातीय और वनवासी क्षेत्रों में धर्मांतरण की समस्या अधिक गंभीर रूप धारण कर रही है। वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संगठनों द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में छात्रावास और अधिकार संबंधी कार्यों के बावजूद भी स्थिति चिंताजनक है। आंबेकर ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम संगठन ने जनजाति क्षेत्र में छात्रावास विशेषकर वनवासियों के जो जनजाति लोगों के अधिकार हैं, उसके संदर्भ में भी लगातार पहल की है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण की समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठनों की व्यापक रणनीति तैयार की गई है। संघ के स्वयंसेवक हिंदू समाज के साधु-संत और जागरूक व्यक्तियों के साथ मिलकर इस समस्या पर काम कर रहे हैं। आंबेकर ने बताया कि जो धर्म परिवर्तन जबरदस्ती से लालच से या भ्रमित करते हुए किया जाता है, वह सदा ही अनुचित है। इसको उजागर करने के लिए जगह-जगह साधु, संत और हिंदू समाज के बहुत सारे जागरूक लोग लगे हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समाज के उन लोगों तक पहुंचने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आंबेकर ने कहा कि समाज में कोई भी व्यक्ति ऐसा न छूटे। वह चाहे किसी जाति का हो, जनजाति का हो, गरीब हो, कहीं सुदूर रहता हो, वहां तक यह बात पहुंचे। इसके लिए सभी लोग प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा लीगल तरीके से कई सारे मामले दर्ज कराए गए हैं। धर्मांतरण के मामलों को उजागर (एक्सपोज) करने और न्यायालयों में ले जाने का काम निरंतर किया जा रहा है। सेवा भारती और अन्य संगठन सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की सहायता करके धर्मांतरण रोकने का काम कर रहे हैं। आंबेकर ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर देशभर में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 अक्टूबर से विजयादशमी से यह शताब्दी वर्ष आरंभ होगा। सामान्यत: उसके आगे पीछे 7 दिनों तक जगह जगह पर अपनी-अपनी शाखा के स्तर पर, अपने जिला स्तर पर और नगर स्तर पर अपनी-अपनी योजना के अनुसार सभी स्वयंसेवक बड़ी संख्या में गणवेश में विजयादशमी का उत्सव मनाएंगे।

प्रचार प्रमुख ने धर्मांतरण को केवल धार्मिक मुद्दा न मानकर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भावना के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि यह एक लंबा रास्ता है, परंतु निश्चित रूप से यह आशा और विश्वास है कि जल्द ही वैसी अनुकूल परिस्थिति बनेंगी। संघ का मानना है कि समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर इस समस्या से निपटना होगा। धर्मांतरण के खिलाफ यह संघर्ष न केवल हिंदू धर्म की रक्षा का मामला है बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने का प्रश्न है।

पांच लाख की लूट करने वाले दो गिरफ्तार

लूट की नकदी में से दो लाख रूपये तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट कर नकदी लूट के मामले में युवती व साथी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूट की नकदी में से दो लाख रूपये तथा वारदात में प्रयुक्त बाईक बरामद की है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित ध्रुव पुत्र जितेन्द्र कुमार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 28 अगस्त को पैसों की आवश्यकता होने के कारण अपने मित्र कविशसिंह सोलंकी से संपर्क कर बताया तो उसने 5 लाख रूपये उधार दिए, जहां से रूपये लेकर मै व महिला मित्र दोनों कार से फतह स्कूल पहुंचे जहां बाइक पर आए दो व्यक्ति ने कार को रोक मारपीट की तथा नकदी लूट ली। इसी दौरान महिला मित्र कार से उतर कर बदमाशों के साथ फरार हो गई। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपअधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी एएसआई बसंत कुमार मय टीम ने अमीनुद्दीन पुत्र अकीलुद्दीन निवासी खडकजी का चौक सूरजपोल व उसकी महिला मित्र पूजा पुत्री संजय निवासी रावजी का हाटा वारियों की घाटी घंटाघर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूट की नकदी में से दो लाख रूपये तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

हादसे में महिला सहित दो की मौत

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा थाना क्षैत्र में हाइवे पर पीकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक व महिला की मौत हो गई।

पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार रविवार सवेरे गोगुन्दा थाना क्षैत्र गोगुन्दा पिण्डवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग कलाश्रम के समीप पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कुचले जाने पर बाइक चालक हथिया तलाई डेलावास गोरवल निवासी हेमा गमेती (40) पुत्र कालू गमेती तथा भूरकीबाई (55) पत्नी पेमा गमेती की मौत हो गई। सवेरे हेमा अपनी बाइक लेकर गांव से उदयपुर की तरफ आ रहा था।

इस दौरान मिली भूरकी ने उसे शहर चलने तथा जाने का भाड़ा देने की बात कहते हुए उदयपुर जाने के लिए बाइक पर बैठ गई, जहां बीच रास्ते में पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। एएसआई नंदलाल ने मौके पर पहुंच दोनों को उपचार के लिए गोगुन्दा चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वृद्धा की गला रेतकर हत्या के मामले का खुलासा, आरोपी पति गिरफ्तार

पूछताछ में पता चला कि नशे में आए दिन पत्नी से झगड़ा होता रहता था

उदयपुर, (कासं)। घर में घुस वृद्धा की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या के मामले में का खुलासा करते हुए पुलिस ने अनुसंधान के बाद मृतका के पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित विसाराम निवासी रावछ ने सायरा पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि गुरूवार रात अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर मेरी पत्नी मैतीबाई (60) की हत्या कर फरार हो

- **पुलिस को जिसने रिपोर्ट दी थी, वही पत्नी का हत्यारा निकला**

गए। हमले में घायल होने पर मैतीबाई को परिजन उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी किशोर सिंह शक्तावत के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं पीड़ित से की गई पूछताछ के आधार पर मृतका के पति आरोपी वीसाराम पुत्र कन्नाजी गमती निवासी रावछ सायरा को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शराब के नशे में आए दिन पत्नी से झगड़ा होता रहता था। घटना वाली रात में बच्चे घर पर नहीं थे पत्नी व मै घर पर अकेले थे। रात के समय में पड़ोसी के यहां करियावार में गया, जहां से घर लौटा तो शराब के नशे में होने से मैती ने खरी खोटी सुनाई और आवेश में आकर पति विसाराम ने दीवार पर लगे कांच पर मुक्का मारा, जिससे टूटे कांच से एक टुकड़ा उठा कर पत्नी मैती के गर्दन में घुसा हत्या कर दी।

तीन मंजिला मकान गिरने से महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के धानमंडी क्षेत्र में स्थित एक तीन मंजिला मकान के गिरने पर महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को धानमण्डी थाना क्षेत्र सुथारवाड़ा निवासी लक्ष्मी बाई साहू (60) पत्नी नारायणलाल की मकान की तीसरी मंजिल से गिरने पर मौत हो गई। लक्ष्मी मकान की तीसरी मंजिल से नीचे उतर रही थी। संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर पड़ी। परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेडकांस्टेबल भगवानलाल ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

साइबर ठगी का एजेंट गिरफ्तार

अलवर, (निसं)। गोविंदगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एटीएम से साइबर फ्रॉड की राशि निकालते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वह खेड़ली बहादुर थाना गोविंदगढ़ का रहने वाला है। उसके पास से 70 हजार रुपए नकद, तीन फर्जी एटीएम कार्ड, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। थाना अधिकारी बनेसिंह मीणा ने बताया कि आरोपी को सरकारी अस्पताल के पास स्थित एसबीआई एटीएम से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वह साइबर ठगी से जुटाई गई राशि को एटीएम से निकालने का काम करता था। इस काम के लिए उसे निकाली गई राशि का पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था।

एसआई भर्ती रद्द करने के विरोध में प्रदर्शन

जोधपुर, (कासं)। एसआई भर्ती-2021 को रद्द करने के विरोध में सर्व समाज ने रविवार को कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। धरने में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने एस आई भर्ती को रद्द नहीं करने की मांग की। धरने में पहुंचे लोगों का कहना है कि एसआई भर्ती 2021 में पास हुए कई अभ्यर्थी ऐसे थे, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर परीक्षा को पास किया था। भर्ती रद्द होने से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मेहनत कर पास हुए अभ्यर्थियों के साथ भर्ती रद्द होना अन्याय है। ऐसे अभ्यर्थी अब कहां

- **धरने में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की**

जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती रद्द करने के बजाय, जिन्होंने बेइमानी से परीक्षा देकर पास हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए, जिससे मेहनत कर सिलेक्ट हुए अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं हो। धरना स्थल पर हनुमान सिंह खांगटा, गोपाल सिंह भलासरिया, शंभू सिंह मेड़तिया सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग और महिलाएं भी शामिल हुए।

मौत के खौफ से परकोटे के जर्जर भवनों को लोग स्वयं कर रहे खाली

हैरिटेज निगम ने भी सुभाष चौक इलाके में एक और जर्जर भवन के हिस्से को ध्वस्त किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर के सुभाष चौक इलाके में जर्जर हवेली धराशायी होने से पिता-पुत्री की मौत तथा 5 लोगों के घायल होने के बाद लोगों के जेहन में मौत का खौफ है।

इस हादसे से सबक लेते हुए लोग अब परकोटे में बनी जर्जर हवेलियों को खुद खाली कर अन्यत्र शिफ्ट हो रहे हैं। हैरिटेज नगर गिनम प्रशासन ने भी रविवार को सुभाष चौक इलाके में एक और जर्जर इमारत के एक हिस्से को ध्वस्त किया। इसके साथ ही 23 जर्जर भवनों को तुरंत

- **हैरिटेज निगम प्रशासन ने 23 जर्जर भवनों को तुरंत खाली करने के निर्देश दिए, नहीं मानने पर भवन मालिक के खिलाफ होगा मामला दर्ज**
- **हैरिटेज निगम कमिश्नर ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा को तमाम जर्जर भवनों का पुनः निरीक्षण कर 2 दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा हैं।**

खाली करने के नोटिस थमाए गए हैं। अगर इमारतें खाली नहीं की गई तो भवन मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज जैसा एक्शन लिया जायेगा।

हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा की मॉनिटरिंग में जर्जर भवनों के पुनः निरीक्षण के निर्देश दिए है। आयुक्त ने रिपोर्ट 2 दिन में देने के निर्देश दिए है। आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि किशनपोल जोन इलाके में सबसे ज्यादा जर्जर इमारत चिन्हित किए गए है। ऐसे में निगम के अधिकारी लगातार शहर में निरीक्षण कर रहे है और जर्जर भवनों से लोगों को दूर रहने के लिए साथ ही निगम प्रशासन को तुरंत सूचित करने के लिए कहा जा रहा है। रविवार को जोन उपायुक्त की ओर से कुल 23 जर्जर इमारत को तुरंत खाली करने के लिए नोटिस दिया है। इसके बाद भी अगर भवन मालिक नोटिस पर अमल नहीं करता है तो निगम की ओर से मामला दर्ज करा भवन को ध्वस्त किया जाएगा।

सुभाष चौक इलाके में जर्जर हवेली धराशायी होने और इस हादसे में दो लोगों की मौत के बाद रविवार को कुछ अन्य जर्जर इमारतों में रह रहे लोगों ने मकान खाली कर दिया।



हैरिटेज नगर निगम प्रशासन ने रविवार को सुभाष चौक इलाके में जर्जर इमारत के हिस्से को ध्वस्त किया।

मूट कोर्ट प्रतियोगता में 17 राज्यों से 70 दलों के प्रतिभागी शामिल हुए

राजस्थान विवि. में 13वीं रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय (यूएफवाईएलसी) द्वारा आयोजित 13वीं रांका मूट कोर्ट प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता आपराधिक कानून से जुड़े समकालीन विधिक मुद्दों पर केंद्रित रही। इसमें 17 राज्यों से 70 दलों ने भाग लिया, जिनमें पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, दादरा एवं नगर हवेली, बिहार आदि शामिल थे। नेपाल से भी एक अंतरराष्ट्रीय दल ने प्रतिभाग किया।

विश्वविद्यालय पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय की निदेशक डॉ. अंकिता यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में क्वार्टर-फाइनल में आठ दल चयनित हुए। रविवार को सेमी-फाइनल और फाइनल मैच हुए। इसमें मणिपाल अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन, बेंगलुरु की रक्षिताश्री, अदिविश्वास, भूमिका राय विजेता रहे, जिन्हें 31 हजार रु. के साथ ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि उपविजेता दल कानोडिया कॉलेज ऑफ लॉ फॉर वीमेन, जयपुर की पलक राज, जोया खान, खनक कुमावत रही, जिन्हें 21 हजार रु. का पुरस्कार व ट्रॉफी प्रमाण पत्र से नवाजा यगा। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल पुरस्कार जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर को 11 हजार रु., ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र दिया गया। सर्वश्रेष्ठ छात्र अधिवक्ता (अपीलकर्ता पक्ष) में असीम सिमलोटे, एस.एस. जैन सुबोध लॉ कॉलेज जयपुर रहे, जिन्हें 5100 रु. का पुरस्कार व ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र दिया गया। सर्वश्रेष्ठ छात्र अधिवक्ता (प्रतिवादी पक्ष) में धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जबलपुर रहे, इन्हें भी 5100 रु. ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र दिए गए। सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पंजाब को दिया गया। इन्हें भी पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए एग।

समापन समारोह का आयोजन यूएफवाईएलसी, यूओआर के रीडिंग हॉल में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस.पी. शर्मा, विशेष अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के प्रो. डॉ. वाघेश्वरी देसवाल रहे। कार्यक्रम को राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. डॉ. अल्पना कटेजा तथा विधि संकाय की विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. संजुला थानवी ने संबोधित किया।

राजस्थान विवि. में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

जयपुर। श्याम नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाली महिला के आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाली महिला के आरोपित पति अक्षय जैन निवासी निर्माण नगर-श्याम नगर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में परिवादी योगेश चंद जैन निवासी अलवर ने 21 जुलाई 2025 ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी पुत्री स्वप्निल जैन ने अपने पति अक्षय जैन की लगातार प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर आत्महत्या कर ली। स्वप्निल का विवाह 11 जुलाई 2013 को अक्षय जैन से हुआ था। उनके एक पुत्र ओजस जैन का जन्म 2016 में हुआ। परिवादी ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद से ही अक्षय जैन उसके पिता लालचंद जैन माता सुनीता जैन और भाई आशिक जैन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। अक्षय जैन शराब और नशे की लत के चलते आए दिन स्वप्निल से मारपीट करता था। कई बार स्वप्निल अपने मायके अलवर चली जाती लेकिन परिवार व बेटे के भविष्य को देखते हुए वापस लौट आती। प्रताड़ना से परेशान होकर स्वप्निल ने पहले भांकरोटा थाने में शिकायत की थी। बाद में 1 फरवरी 2024 को अलवर महिला थाना में दर्ज करवाई थी।

सार-समाचार

वृक्ष पूजन एवं जागृति कार्यक्रम संपन्न

जयपुर। वैशाली नगर स्थित, स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में, पर्यावरण संरक्षण जागृति के निमित्त एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर प्रांगण में पूज्य संतों के दिव्य सानिध्य में अनेक भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वृक्ष पूजन कर पर्यावरण के प्रति अपनी श्रद्धा एवं संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर वृक्ष को जीवन का आधार मानते हुए उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ज्योति कुमार (मठ, मंदिर संपर्क प्रमुख, हिन्दू अद्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन) ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले कर आयोजन में भी सहयोग दिया। कार्यक्रम का समापन संतों के आशीर्वचन और सभी के वृक्षारोपण संकल्प के साथ हुआ।

बच्चों को बताया ''गुड टच-बैड टच''

जयपुर। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे बाल सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत वाटिका स्थित विजन इंटरनेशनल विद्यालय में ''गुड टच-बैड टच'' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 400 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यालय के बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में जानकारी दी गई तथा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया गया कि किस प्रकार वे स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी असहज परिस्थिति में तुरंत परिवार, शिक्षक अथवा विश्वासपात्र व्यक्ति को सूचित करना चाहिए। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य एवं ट्रस्ट मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ राजीव सक्सेना ने बताया कि बाल सुरक्षा जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों में आत्म-सुरक्षा की समझ विकसित करना और समाज में बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महासचिव दुर्गा वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों में आत्मविश्वास और आत्म-सुरक्षा की भावना विकसित करते हैं, बल्कि समाज में बाल शोषण की रोकथाम की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यालय प्रशासन ने मानव सेवा ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस कार्यशाला में वक्ताओं में जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से सिमरन आसुदिन, मनस्वी शर्मा, मुस्कान शामिल रही।

बॉलीवुड के सुपरहिट नगमे गाए

जयपुर। शहर के मशहूर सिंगर्स ने हिन्दी फिल्मों के सुपरहिट गीतों को अपनी पुरकशिश आवाज और दिलकश अंदाज में पेशकर बिड़ला सभागार का कोना-कोना बॉलीवुड म्यूजिक की मेलॉडी से सराबोर कर दिया। हेल्दी स्माइल्स ग्रुप एवं यूनिक ड्रीम बिल्डर्स की ओर से सजे गोल्डन एरा शो के 12वें संस्करण की शुरुआत कलाकार मिताली वर्मा ने आ जाने जा गीत...की प्रस्तुति से की। इसके बाद कमल प्रकाश सक्सेना ने ए गुलबदन..., निकिता बंसल ने मेरे नसीब में... गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। दर्शकों के बीच से सुरीले सिंगर डॉ.समीर शर्मा सैम ने दिल लेना खेल है दिलदार का..., महबूबा महबूबा... एवं बचके रहना रे बाबा...जैसे गीतों की मेडले की धमाकेदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को खुद के संग खूब नचाया। उन्होंने सभी से हाथ मिलाया और अभिवादन किया। कार्यक्रम में सिंगर गीतिका चतुर्वेदी ने लताजी के सुंदर गीतों की मेडले सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पुतला आंदोलन बारिश के कारण स्थगित

जयपुर। सरकार के आदेश के बावजूद घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति को पट्टा नहीं मिलने एवं अन्य समस्याओं को लेकर किए जा रहे पुतला आंदोलन के तहत विधानसभा घेराव का आठ सितंबर का कार्यक्रम बारिश की वजह से स्थगित कर दिया गया है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी की ओर से प्रेस विज्ञिप्त जारी करके कहा गया है कि 8 सितंबर को पुतला आंदोलन में राजस्थान के दूर-दूर से विधानसभा घेराव के लिए हजारों कार्यकर्ता घुमंतु अर्ध घुमंतु तथा विमुक्त जाति समाज के पंच पटेल एवं नागरिक आना चाहते हैं। लेकिन भारी बारिश की वजह से सब ने कार्यक्रम को आगे किस करने की मांग की जिसे देखते हुए अब आगे की तारीख तय की जाएगी। 8 सितंबर को यूथ हॉस्टल में समाज एवं भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा पंच पटेलन की मीटिंग होगी। जिसमें सरकार द्वारा घुमंतू समाज के हित में किए गए घोषणाओं की पालना में आ रही दिक्कतों पर चर्चा होगी।

चामुंडा माता मंदिर पार्क में विकास कार्यों का शुभारंभ

जयपुर। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 48 में रविवार को सिरसी रोड मीणावाला अमृत नगर, रूप विहार में चामुंडा माता मंदिर पार्क में इंटरलॉकिंग टाईल्स व रंग रोगन के कार्यों का शुभारंभ हुआ। पार्षद कुमकुम शक्तावत ने भूमि पूजन के साथ इस कार्य का आगाज किया। भाजपा नेता शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि वार्ड 48 में जितने भी मंदिर और पार्क हैं, उन सभी का विकास कार्य कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा कराया जा रहा है। इससे पहले इंजीनियर्स कॉलोनी, संस्कार विहार, महादेव नगर, मंगल नगर, और रघुनाथ विहार, जनक विहार, अमर नगर इन सभी कॉलोनियों के मंदिर व पार्कों में इंटरलॉकिंग टाइल्स, टीनशैड, ओपन जिम, फिसल पट्टी झूले, शौचालय और बैठने के लिए बैंच, बाउंड्री वॉल, रैलिंग, रंग-रोगन के कार्य भी करवाए गए हैं। शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि जिस मंदिर और पार्क में जो ज़रूरत थी, वो पूरी की गई। मंदिर-पार्कों के विकास कार्य सिर्फ़ और सिर्फ़ भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज और मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह के नेतृत्व में ही संभव है। इस मौक़े पर हनुमान सहाय मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, हरिनारायण शर्मा, भंवर सिंह, सुभाष शर्मा, संजय गॉड, शंकर सिंह, महेन्द्र शर्मा, भागीरथ चौधरी, रामअवतार यादव, राजेश कुमावत, भगवान सिंह, परमानंद छापरवाल, विनोद मीणा, रविन्द्र कुमार, केशव सिंह, मनोज शर्मा, रेवंत सिंह, शिखा शर्मा, संतोष कुमावत, रीना कंवर, कविता शर्मा, प्रेम कंवर और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी और मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

गोविन्ददेवजी मंदिर में पितृ तृप्ति महायज्ञ

जयपुर (कासं)। श्राद्ध पक्ष एवं चन्द्रग्रहण के उपलक्ष्य में रविवार को गोविन्द देवजी मंदिर प्रांगण में पंचकुंडीय पितृ तृप्ति गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में श्री मन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में तीन पारियों में 200 श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत पितृगणों की स्मृति में काले तिल, जो, चावल एवं घृत से आहुतियां अर्पित कीं।

इससे पूर्व मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्री गोविन्द देवजी, वेदमाता गायत्री एवं गुरुसत्ता का पूजन किया। आचार्य पीठ से गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी की गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर, डॉ. अजय भारद्वाज और सृष्टि ने प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया।

प्रवचन में डॉ. अजय भारद्वाज ने कहा कि पितर हमारे अदृश्य सहायक हैं। उच्च संस्कारों वाली अशरीरी आत्माएँ आकस्मिक सहायता एवं अनुग्रह प्रदान कर मार्गदर्शन करती हैं। पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने से उनका आशीर्वाद जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष बल देता है।

उन्होंने कहा कि पितरों को केवल कर्मकांड से नहीं, बल्कि अपने व्यवहार, सदाचार और सेवा कार्यों से भी तृप्त किया जा सकता है। माता-पिता और बड़ों की आज्ञा मानना, बुजुर्गों की सेवा करना, वंश परंपरा की श्रेष्ठ परंपराओं को आगे बढ़ाना ही वास्तविक पितृ तर्पण है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ आत्माएँ इतनी प्रखर होती हैं कि वे स्वप्न, विचार या किसी माध्यम से हमें संकेत देकर जीवन में सही दिशा प्रदान करती हैं। यदि हम कृतज्ञता के भाव से पितरों की स्मृति का सम्मान करें, तो वे हमारे जीवन के अदृश्य मार्गदर्शक और शुभचिंतक बनते हैं। भारतीय श्रद्धालुओं के साथ एक विदेशी दंपति ने भी यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने यज्ञ के ज्ञान-विज्ञान को समझते हुए श्रद्धापूर्वक अग्नि में आहुतियां अर्पित कीं और अपने पितरों का स्मरण किया।

यज्ञ के अवसर पर आधा दर्जन श्रद्धालुओं ने अपना जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप पंचतत्व पूजन के साथ मनाया। इस अवसर पर मंदिर प्रशासन की ओर से सभी को ठाकुर श्री गोविन्द देवजी का चित्र, प्रसाद और दुपट्टा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से सत्साहित्य की प्रदर्शनी लगाई गई, जहाँ श्रद्धालुओं ने प्रेरणादायक पुस्तकें काम लागत मूल्य पर प्राप्त कीं।

यज्ञ की पूर्णाहुति में श्रद्धालुओं ने जूठन नहीं छोड़ेंगे, एक पेड़ अवश्य लगाएंगे, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग नहीं करेंगे जैसे संकल्प लिए।

गोविन्द देवजी मंदिर प्रांगण में रविवार को पंचकुंडीय पितृ तृप्ति गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ।

प्रसूता की मौत पर हंगामा

जयपुर (कासं)। भांकरोटा इलाके के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान तबीयत बिगड़ने से प्रसूता की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने असपताल के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरु कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए डॉक्टर को गिरफ्तार करने की मांग की।

बताया जा रहा है कि 26 वर्षीय मोनिका को शनिवार सुबह 9 बजे प्रसव हुआ था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को जन्म देने के बाद मोनिका को ब्लीडिंग शुरु हो गई। जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। लेकिन डॉक्टरों ने उस गंभीरता से नहीं लिया और 10 घंटे तक औपचारिकता निभाते रहे। जिसके बाद मोनिका की ज्यादा तबियत बिगड़ने पर उसे शाम 6 बजे दूसरे अस्पताल में रैफर कर दिया। जिसके बाद मोनिका ने रात 9 बजे उपचार दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जयपुरिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। प्रसूता की मौत की खबर मिलने के बाद अन्य रिश्तेदार भी भांकरोटा स्थित निजी अस्पताल पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन शुरु कर दिया।

नवसृजित उचित मूल्य की दुकानों की आवेदन प्रक्रिया आज से

जयपुर। जयपुर जिले में 70 नवसृजित उचित मूल्य की दुकानों के लिए सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 11 तथा कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 59 उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि आवेदन पत्र 8 से 30 सितम्बर तक प्रातः 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय जिला रसद अधिकारी से प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र भरने के बाद इन्हें 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक कार्यालय में जमा करवाया जा सकेगा।

डेढ़ महीने से नाराज प्रेमिका ने गेट नहीं खोला तो प्रेमी ने की आत्महत्या

जयपुर। रामनगरिया थाना इलाके में डेढ़ महीने से नाराज प्रेमिका को मनाने पहुंचा प्रेमी उसकी हरकतों से आहत होकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने युवती और उसके परिजनों पर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने युवती के परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

एएसआई छुट्टन लाल ने बताया कि जगतपुरा के विश्वविद्यालय नगर निवासी संजय मीणा (31) पुत्र मोहनलाल अपने माता-पिता और बहन के साथ रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार करता था। गत 3 सितंबर को जहर खाकर सुसाइड कर लिया था। प्रॉपर्टी कारोबारी पिछले 15 साल से एक युवती के सम्पर्क में था। करीब तीन साल पहले मोहन लाल को अपने बेटे संजय के प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला था। जिसके बाद उन्होंने युवती के घर वालों से दोनो की शादी की बात कर शादी भी तय कर दी थी। बताया जा रहा है कि युवती के पिता ने संजय मीणा से दुकान खरीदने के लिए 20 लाख रुपए की मदद मांगी थी। मदद नहीं करने से की बात को लेकर युवती के परिजन शादी के लिए बहाना बनाने लग गए और करीब डेढ़ महीने से युवती ने संजय से बातचीत करना बंद कर दिया। संजय के आग्रह पर परिजन युवती के घर वालों से बात करने गए तो उन्होने बेइज्जत कर उन्हे घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने पुलिस को अपने बयानों में बताया कि 3 सितम्बर को संजय मीणा घर से मरने की धमकी देकर थार लेकर निकला था। उन्होने बाइक से उसका पीछा किया और रोकने का प्रयास किया। लेकिन वो नहीं माना। संजय थार जीप लेकर प्रताप नगर में अपनी प्रेमिका के घर पहुंचा और काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा। लेकिन प्रेमिका ने दरवाजा नहीं खोला। संजय ने गेट खोलने के लिए मोबाइल पर कॉल भी किया।

फिल्मी अंदाज में पकड़ा 20 हजार रु. का इनामी बदमाश

जानलेवा हमला-तोड़फोड़ और धमकी के मामले में एक साल से फरार था, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के हत्थे चढ़ा

जयपुर (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने 20 हजार रु. के इनामी बदमाश विरेन्द्र कुमार उर्फ बबली निवासी जागुवास बहरोड को फिल्मी अंदाज में पीछा कर गिरफ्तार किया।

रविवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि बबली जाट अपने निजी वाहन से मुण्डावर मोड से बहरोड की ओर जा रहा है। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने का आभास होते ही आरोपी बहरोड के कुंड रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में घुस गया। उसी दौरान कांस्टेबल सुधीर कुमार उसे पकड़ने के लिए दौड़े तो आरोपी ने मोबाइल से अपने 3-4 साथियों को बुलाने का प्रयास किया, जिससे अस्पताल परिसर में हंगामा हो गया। फिर भी कांस्टेबल सुधीर ने अकेले ही बहादुरी दिखाते हुए आरोपी से भिड़ंत की। इस बीच कांस्टेबल मनोज कुमार भी वहां पहुंच गए और दोनों ने मिलकर बबली जाट को काबू में कर लिया। कुछ ही देर बाद थाना बहरोड पुलिस टीम भी मौके पर आ गई और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। जिसे बाद में खैरथल तिजारा जिले की मुण्डावर थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

भरतपुर (निस)। भरतपुर में गौरी गणेश सेवा मंडल पुष्प वाटिका द्वारा विगत 11 वर्षों से लगातार किया जाने वाला गणेश विसर्जन का कार्यक्रम सेवा मंडल के संरक्षक इंजी. जीवनलाल शर्मा, और अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व मैं सैकड़ों महिला, पुरुषों, और युवाओं के साथ बाजे-गाजे के साथ नवग्रह कुंडा मैं हर्ष उल्लास के साथ, गणपति बप्पा मोरिया अब के बरस तू जल्दी के नारे लगाते हुए पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया विसर्जन यात्रा से पहले पुष्प वाटिका कॉलोनी, स्थित मनोज शर्मा के निवास पर सुबह 9 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर भंडारे मैं भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधारी तिवारी, कांग्रेस के प्रदेश महा मंत्री धर्मेंद शर्मा , जिला महा सचिव योगेश सिंगल, आरएसी कमांडेंड गणपत महावर, युवा उद्योग पति नवीन पाराशर, सर्व समाज महा सवा अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंगल, जाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष, नेम सिंह फौजदार, भाजपा नेता रामनिवास बहनेरा, थानाधिकारी एदल सिंह, राकेश अठावाल, दिनेश चंद शर्मा, रणवीर बहनेरा, रामवीर शर्मा, राजवीर सिंह, सत्या सिंह, दीपक बहनेरा, संगीता शर्मा,ललित चौधरी, धीरज मुद्गल, मनु मुद्गल, हर्ष तिवारी होमेश पिदावली, अंशु भंडौर प्रिंस ख़ेनवार, कुणाल शर्मा प्रियांशु चौधरी, इनके सहित हजारों की संख्या मैं भक्तों ने प्रसादी ठाहण की।

चोर गिरोह कैमरे में दिखा

देवली । इन दिनों,शहर में कई समय से साइकिल चोर गिरोह सक्रिय बना हुआ है। यह सक्रिय कर लोगों के घरों के बाहर कड़ी साइकिलों को निशाना बना रहे है। शहर में ऐसी कई चोरी की वारदातें दिन प्रतिदिन सामने आ रही है। इसी के चलते शनिवार दोपहर विवेकानंद कॉलोनी में वार्ड पार्षद भीमराज जैन के पुत्र मोहांश की साइकिल चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहंस पुत्र मुकेश जैन ने दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी साइकिल घर के बाहर खड़ी की थी।और वह घर के अंदर चला गया। इसी बीच, एक अज्ञात व्यक्ति आया और मौका पाकर साइकिल चुराकर फरार हो गया। इसी प्रकार अभी कुछ दिन पहले शहर के गौरव पथ रोड पनवनी पर स्थित ट्राई ओम कोचिंग सेंटर के बाहर से स्टूडेंट नवनीत सेठी कि मोटे टायर वाली साइकिल पर भी चोरों ने हाथ साफ कर लिया था जिसकी रिपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में समय रहते दी गई थी। ऐसे हालातों पर पार्षद भीमराज जैन ने बताया कि उनके पुत्र ने केवल 10 मिनट पहले ही साइकिल खड़ी की थी। इस मामले में भी पार्षद ने शहर के थाना पुलिस को शिकायत दी है। इससे कुछ दिन पहले, सीमेंट व्यापारी सुनील जैन के पुत्र की साइकिल भी पार्श्वनाथ धर्मशाला के बाहर से चोरी हो गई थी। इन वारदातों को देखते हुए, शहरवासियों को साइकिलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसलिए की स्थानीय पुलिस की पकड़ से साइकिल चोर बाहर है।

हादसे में युवक की मौत

देवली। यहां निकटवर्ती हनुमान नगर थाने के समीप कोटा रोड पर शनिवार रात बस की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई । वहीं दो जने गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार देवली की ओर से एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर हिंडोली थाना क्षेत्र के काबरी गांव को जा रहे थे। वहीं रात को इसी दौरान श्रीमाधोपुर डिपो की रोडवेज बस भी कोटा की ओर जा रही थी। तभी टाटा मोटर्स के सामने संभवतया जाम लगने के चलते बस चालक ने जब बस को पीछे की ओर लिया तो बाइक पर सवार तीनों युवकों के साथ यह हादसा हो गया इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई एवं उसके दो साथी घायल हो गए। ऐसे में हनुमान नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने यहां मृतक जसवीर (30) पुत्र भोलूराम रेगर के शव को राजकीय चिकित्सालय देवली में रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह का अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

कोटपूतली । राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी रविवार को जिले के दौरे पर रहे. इस दौरान सिंह ने जिले के अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों और विभिन्न कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कोटपूतली के ग्राम कँवरपूरा में तिल, ग्वार और बाजार की फसलों की स्थिति और ग्राम गोवर्धनपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। सिंह ने जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण हानि, फसल खराबा, आवास संबंधित हानि, पशु क्षति की जानकारी लेकर कहा कि लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जर्जर भवनों, कच्चे मकानों का विशेष ध्यान रखें तथा पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी फील्ड में जाकर समय-समय पर मॉनिटरिंग करें।

प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने कोटपूतली में फसल खराबे का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि हमारी सतर्कता से जनहानि को बचाया जा सकता है, इसलिए पूर्णतः जिम्मेदारी से कार्य करें। सिंह ने कृषि एवं राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि खराब हुई फसलों की गिरदावरी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण की जाए ताकि किसानों को शीघ्र मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इस कठिन समय में सरकार उनके साथ खड़ी है।

रामलीलाल 22 से

दौसा। आध्यात्मिक आदर्श रामलीलाल समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रा के दौरान 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक स्थानीय बजरंग मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा।

इधर समिति के पदाधिकारियो ने रविवार को श्राद्रपक्ष शुरु होने से पूर्व सब्जी मंडी स्थित प्रथम पूज्यश्री गणेश जी महाराज की विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को न्यौता दिया।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक शंकर लाल शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, अध्यक्ष धर्माचार्य डॉ. परमेश्वर गंगावत, उपाध्यक्ष अमरेश जाकड़, सचिव पार्षद आचार्य आशीष, डायरेक्टर राकेश शर्मा, संयोजक अशोक सिंघा, कोषाध्यक्ष उमाशंकर गुढाकटला, प्रचार मंत्री बलराम मिश्र, वरिष्ठ कलाकार प्रदीप नागर, प्रवीण शर्मा, पवन शर्मा, सागर, श्याम प्रेमी, विवेक शर्मा, कुश तिवाड़ी उपस्थित थे।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 95 वाहनों का चालान

पावटा । महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज,जयपुर राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा दिनांक 25 अगस्त 2025 से 05 सितंबर 2025 तक चलाये जा रहे अभियान लेन ड्राइव, जागरुकता एवं प्रवर्तन की पालना मे पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेन्द्र कुमार विश्नोई आईपीएस व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजवात आरपीएस व थानाधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा किरण सिंह की उपस्थिति मे अभियान के पहले दिन शनिवार को नेशनल हाइवे सहित विभिन्न स्थानों व मार्गों पर गहनता से चेंकिग की गई।

■ यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, हमारी और दूसरों की जान की हिफाजत के लिए भी जरूरी है : धनकड़

इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, लेन चेंज, प्रैशर हॉर्न, रॉग पार्किंग, बगैर नंबर प्लेट, रॉग साईड ड्राइविंग व दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राईडिंग, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ना, बिना हेल्मेट और अन्य यातायात नियमों की उल्लंघन करते पाए जाने पर 43 वाहनों व रविवार को 52 वाहनों का चालान किया गया।

थानाधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा किरण सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना है। सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने से आए दिन हादसे घटित हो रहें है। इनमे काफी लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते है और काफी लोगों की मौत हो जाती है।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। इसके साथ ही यातायात के सभी नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं है। यह हमारी और दूसरों की जान की हिफाजत के लिए भी जरूरी है।

अलवर के पितरों के तर्पण वाले सागर जलाशय पर जिला प्रशासन की रोक

■ दशकों से सागर पर शहर वासी करते रहे है पितरो का तर्पण, जिला प्रशासन ने उनका यह हक भी छीना

अलवर । देश में सनातन का ढिडोरा पीटने वाली भाजपा सरकार जो सनातन के नाम और हिन्दुत्व की रक्षा का ढिडोरा पीटती नही नही थकती क्या उसके राज में हिन्दुओं के मौलिक अधिकार सुरक्षित है इसका जीता जागता उदाहरण अलवर शहर स्थित सागर जलाशय है जिसमें हिन्दु अपने पित्तरों का वर्षो से तर्पण करते आ रहे थे लेकिन अब जिला प्रशासन के कुछ धर्म विरोधी कहे या हिन्दू विरोधी अधिकारियों ने इस सागर जलाशय पर ताला लगा कर हिन्दुओं की भावना पर कुठाराघात किया है जो भाजपा सरकार की पोल खोलने के लिए काफी है।

यहां पर उल्लेखनीय है सागर जलाशय जिसे राजपरिवार ने सैकडो साल पहले शहर महल के साथ बनवाया था और इस जलाशय में शहर के लोग श्राद्व पक्ष में अपने पितरों का तर्पण वर्षो से करते आ रहे थे यहां काफी त्यौहार भी मनाए जाते रहे है लेकिन शहर और पर्यटक स्थलों की सुन्दरता के नाम पर इस जलाषय पर जिला प्रषासन ने नाजायज रूप से कब्जा करते हुए इसके चारो तरफ जाल लगा कर ताला बंदी कर दी है। जिला प्रशासन और कुछ धर्म विरोधी लोगों ने यह नही सोचा कि इस जलाषय में वर्षो से हिन्दु परिवार अपने पितरो का तर्पण करते रहे है एक प्रकार से यह भारतीय संविधान में नागरिक के मूल अधिकार में आता है लेकिन संविधान द्वारा मिले अधिकार में भी प्रषासन ने ताला ढोक कर हिन्दुओं की आस्था पर कुठाराघात किया है। शहर के निवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अलवर शहर हमेषा से भाजपा के पक्ष में वोट देता आया है ओर उन्हें पता है कि भाजपा हिन्दुवादी पार्टी है लेकिन शहर विधायक एवं दो मंत्री होने के वावजूद श्राद्व पक्ष में हमारे पूर्वज तर्पण को तरस रहे है हमें उन्हें पानी यानि तर्पण भी नही दे पा रहे है यह हमारे नागरिक अधिकार का हनन है। लोगों ने राज्य मंत्री संजय शर्मा और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित जिला प्रषासन से अपील की है कि सागर जलाषय का ताला खुलवाकर हमें पितर तर्पण की अनुमति प्रदान करे।

सार-समाचार

गणेश महोत्सव का समापन

देवली । यहाँ विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का शनिवार को विशाल शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। शोभायात्रा शहर के अटल उद्यान स्थित टीन शेड स्थल से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग गौरव पथ, एजेंसी एरिया, महाराणा प्रताप चौराहा, एसबीआई चौराहा, मुख्य बाजार, छतरी चौराहा, सदर बाजार, ममता सर्कल, किर मोहल्ला होते हुए बनास नदी के तट पर स्थित बोरडा गणेश मंदिर पहुंची। स्थानीय बोरडा गणेश मंदिर में विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति द्वारा सभी समाजों के अध्यक्षों का दुपट्टा एवं साफा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के सुरेंद्र डीडवानिया ने जानकारी में बताया कि विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेश महोत्सव में इस बार करीब 3 दर्जन से अधिक समाजों ने भाग लिया। इस महोत्सव के अवसर पर शहर में निकली विशाल शोभायात्रा का शहरवासियों ने पुष्प वर्षा भव्य स्वागत किया और यात्रा में शामिल लोगों को जलपान करवा कर पुण्य कमाया। शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ जय घोष के बीच शहर गुंजायमान हो उठा। इसी के साथ बनास नदी के किनारे पर गणपति विसर्जन को देखने आस्था,श्रद्धा एवं विश्वास का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकालकर गणपति की प्रतिमाओं को बनास नदी में प्रवाहित किया गया। सुरेंद्र डीडवानी ने यह भी बताया कि अनंत चतुर्दशी पर गणपति के कार्यक्रमों की धूम रही और बड़ी संख्या में शहर वासियों ने गणपति बप्पा की आराधना की। दस दिन पूर्व गणेश चतुर्थी को अपने घरों और पांडालों में भगवान गणेश को विराजमान कर नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर विराजमान किया हुआ था। ऐसे में महोत्सव के समापन पर निकली विशाल शोभायात्रा के दौरान घोड़ियों का नृत्य और सजीव झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम की झांकी, भगवान शिव, गणेश और कृष्ण भगवान की झांकी ने लोगो को आकर्षित किया। वही अनंत चतुर्दशी के मौके पर शहर में लोगों ने भगवान अनंत की पूजा की उन्हें रोठ खीर का भोग लगाया।

सचिन पायलट के जन्मदिवस पर पौधारोपण

भरतपुर (निस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट के 48वें जन्म दिवस पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान की अध्यक्षता में बगीची में पांच पौधे लगाये गए जिनमें मोसमी, कटहल, अमरूद, बेलपत्र व अशोक के व 48 किलो फल केला व अमरूद व सेवा पहलवानों व भक्तों में वितरित किये गये। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, जगदीश बंजी, रेडक्रास के सचिव पवन खंडेलवाल, पूर्व पार्षद ब्रजेन्द्र चीमा, अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा, संजय चंदेला, शिक्षक कांठोस के रामेश्वर सेनी, रमेश पाठक, चन्द्रभान फौजदार, सेवादल के ब्रजेश शर्मा, वीरेन्द्र नागर, संतोषी लाल गर्ग वकील, रमेश सतीजा, बल्लो पहलवान सेह, रामू पहलवान, अर्जुन कोच, मूलचंद बंजी, ओमप्रकाश ठाकुर, जुगल वशिष्ट, श्याम सुन्दर आदि मौजूद रहे। अंत में सचिन पाएलट को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ्य रहने की कामना की व सचिन पाएलट जिन्दाबाद के नारे लगे व सचिन तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं।

नवनियुक्त फार्मासिस्टों ने मनाया स्नेह मिलन समारोह

दौसा। दौसा जिले के नवनियुक्त फार्मासिस्टों का स्नेह मिलन समारोह-2025 रविवार को रावत पैलेस दौसा में आयोजित किया गया। समारोह में फार्मासिस्ट विनोद मीना, देवेन्द्र सैन, मुकेश कुमार, नमोनारायण मीना एवं पुष्पेन्द्र कुमार ने जिले में नवनियुक्त समस्त फार्मासिस्टों को माला, साफ़ा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सीनियर फार्मासिस्टों ने नवनियुक्त फार्मासिस्टों को दवा के दुरुप्रयोग और सेल्फ मेडिकेशन को रोकने के संदर्भ में महती भूमिका बताई। फार्मासिस्ट विनोद मीना एवं देवेन्द्र सैन ने नवनियुक्त फार्मासिस्टों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नवनियुक्त फार्मासिस्ट ब्रजकिशोर सिंह गुर्जर, राजेश चौहान, राजकुमार यादव, मुरलीधर चेजारा, त्रिभुवन कुमार शर्मा, विवेक मीना, नन्द किशोर सैनी, आशीष मीना, योगेश शर्मा, आशीष शर्मा, इशरत ख़ान, मीना चौधरी एवं अन्य सैकड़ों नवनियुक्त फार्मासिस्ट उपस्थित रहें।

50 प्रतिभाएं सम्मानित

राजगढ़ । वैश्य महिला समिति की ओर से रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित कार्यक्रम में 50 प्रतिभाओं का जोरदार स्वागत के साथ सम्मान किया गया।

इसमें 50 प्रतिभाओं का प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इससे पूर्व अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कोषाध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, अनिल बंसल, गोविंद गोयल, बृजेश सर्राफ, दीनदयाल बंसल एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रहलाद अग्रवाल ने संबोधन में कहा कि महिला समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अनुकरणीय पहले है इसमें समाज के अन्य लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने महिला समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर समिति की ओर से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। इस अवसर पर समिति की ओर से समाज के होनहार बालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गिर्राज गोयल, सत्य प्रकाश विजय, पदमा गोयल, रेखा रानी गुप्ता, मीना विजय, एवं अन्य महिलाएं मौजूद रही।

‘डिग्री प्राप्त करने का साधन ने होकर राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार’

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रो. यशवंतराव केलकर आदर्श प्राध्यापक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने की एवम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर विभाग के प्रचारक उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा ने प्रो. यशवंतराव केलकर के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। और कहा कि प्रो. केलकर केवल एक श्रेष्ठ प्राध्यापक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत एवं समाज के लिए आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने विद्यार्थियों के समठा विकास हेतु शिक्षा को जीवन से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने यह संदेश दिया गया कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन न होकर राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है।

प्रो. केलकर का जीवन प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है । विभाग प्रचारक उत्कर्ष के बताया कि कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वे केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के मार्गदर्शक भी होते हैं। वेद, उपनिषद और गीता जैसी महान ठांथों में गुरु को ईश्वर के तुल्य बताया गया है गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर । भारतीय परंपरा में शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन न होकर जीवन मूल्यों, नैतिकता और कर्तव्यबोध का आधार रही है। शिक्षक विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं।

आधुनिक समय में भी शिक्षक का दायित्व है कि वह छात्रों को केवल रोजगारपरक शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक और आदर्श मानव बनने की दिशा में प्रेरित करें। इसी क्रम में विश्विद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि आज के परिवर्तित परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है।

शिक्षक समाज की आत्मा को आकार देने वाले शिल्पकार होते हैं, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, मूल्य एवं संस्कारों का निर्माण करते हैं। राष्ट्र निर्माण का आधार सशक्त, शिक्षित और संस्कारित नागरिक हैं, और ऐसे नागरिकों को गढ़ने का दायित्व शिक्षक पर ही होता है।

शिक्षक विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करते हैं। वे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा न देकर जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की भावना का भी विकास करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु को साक्षात ब्रह्म, विष्णु और महेश के समान माना गया है। आचार्य ही वे हैं जो शिष्य के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे राष्ट्र की सेवा हेतु दिशा प्रदान करते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शब्दों में दृ ष्सच्चा शिक्षक वह है, जो अपने ज्ञान से छात्र के व्यक्तित्व का निर्माण कर उसे आदर्श नागरिक बनाता है।

डोटासरा का भव्य स्वागत

भरतपुर (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कमालपुरा बॉर्डर स्थित सूपा पेट्रोल पंप पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा साहब का जिले की सीमा में पधारने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सलेमपुर कला भुसावर में शहीद सत्येंद्र सिंह चौधरी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में आए थे। स्वागत कार्यक्रम में जिले के समस्त पीसीसी ,जिला, ब्लॉक, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, सेवादल तथा जनप्रतिनिधियों की ओर से कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने डोटासरा को साफा, 21 किलो की माला, तथा शॉल एवं चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने डोटासरा को संगठनात्मक गतिविधियों का हवाला देते हुए बताया कि जिले में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पीसीसी चीफ डोटासरा ने बरसात के मौसम में भी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पधारने पर सभी को धन्यवाद दिया।

जिला प्रभारी मंत्री ने अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया

दौसा। जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को दौसा उपखंड क्षेत्र के महेश्वरा खुर्द एवं महेश्वरा कलां गांवों का दौरा कर अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया और ठामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने बांधों की स्थिति, खेतों में हुए जलभराव एवं प्रभावित फसलों को देखा और अधिकारियों को नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने महेश्वरा खुर्द एवं महेश्वरा कलां के बांधों को देखा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ठामीणों से पानी के भराव एवं फसलों की स्थिति पर चर्चा कर फीडबेक लिया। उन्होंने महिलाओं एवं अन्य ठामीणों से बातचीत कर ज्यादा बरसात से हुई समस्याओं और नुकसान की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने बाजरे के खेत में जाकर फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री राज्यवर्धन राठौड ने महेश्वरा खुर्द में बांध का निरीक्षण किया।

■ अधिकारियों को नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए

ग्रामीणों ने बताया कि कई खेतों में जलभराव होने की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है, जिस पर प्रभारी मंत्री ने उन्हें नियमानुसार नुकसान की भरपाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार को फसल खराबे की जल्द गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE
I manju Sharma W/O suresh Sharma resident of plot no 30 shakti vihar borkheda kota that my sons in education documents my name manju Sharma entered but correct name is mukesh kumari . in future called me mukesh kumari for all purposes.

आम सूचना दिनांक-29/3/2025
सर्वसाधारण को यह सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अशोक कुमार यादव पुत्र श्री मूलचन्द यादव निवासी बाढ की ढाणी, ग्राम शिकारपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर, महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री नन्दाराम निवासी बागवाली ढाणी, बगरू खुर्द तहसील सांगानेर जिला जयपुर एवं हेमराज यादव पुत्र श्री जगदीश यादव निवासी ग्राम सिमलियावास वाटिका तहसील चाकसू जिला जयपुर ने अपनी संपत्ति प्लाट नंबर 2,3,4,5,6,7,8,9,13, 14,15,16 कुल क्षेत्रफल 907.73 वर्गगज वाके "श्याम कुटुम्ब" आवासीय कालोनी, खसरा नंबर 184 ग्राम श्यामपुरा बुहारिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर के संबंध में रामनरेश नागर पुत्र श्री प्रहलाद नागर निवासी 31/84/05 वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर को विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक 26-6-2024 को किया था, लेकिन उक्त क्रेता ने इकरारनामे की पालना में बकाया राशि अदा नहीं की है। इस कारण उक्त इकरारनामा निरस्त कर दिया गया है। इसलिए कोई भी व्यक्ति / संस्था मेरे अभिभाष्यगण के उक्त प्लाटो के संबंध में रामनरेश नागर के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार, लिखापढ़ी करने से निषेध रहे। अतः सूचित रहे।
(धर्मवीर चौधरी) एडवोकेट मो.-9414778500

खोया पाया
नागरिक गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा आवंटित भूखण्ड संख्याः 85, 86, जैन सिटी, सरना चौड़, जयपुर की मूल रसीदें, अलॉटमेंट लैटर एवं साईट प्लान कहीं गुम हो गये हैं। कृप्या मिलने पर सूचित करें, हेमराज वैष्णव पुत्र भंवरलाल वैष्णव, 9079382272

मेरा प्लॉट नबर A-408 योजना रोहिणी नगर सेकंड ओरिजिनल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कही गिर गए हैं मिलने पर संपर्क करें रिपु दमन सिंह बेदी 8005683802

कार्यालय नगर परिषद लालसोट (दौसा)
Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com, Ph-01431-260714
क्रमांकः न.प.ला./2025/2889 दिनांकः4-9-25
सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी सतपाल मीना निवासी जयपुर एवं श्री मूलचन्द मीना कल्याण संस्थान जरीये सचिव सतपाल पुत्र बृजमोहन मीना निवासी महारिया तहसील लालसोट के द्वारा ग्राम लालसोट खसरा नम्बर 1642, 1643, 1644, 1646 में 5 बीघा 16 बिस्वा भूमि की आवासीय से संस्थानिक भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। उक्त भूमि को पहुंच मार्ग राजस्व रास्ते खसरा नम्बर 174. 184 से पहुंच मार्ग प्राप्त हो रहा है परन्तु प्रस्तावित योजना तक वांछित छ्रोज रोड उपलब्ध नहीं होने से मास्टर प्लान 2031 की विद्यमान एवं प्रस्तावित 30 मीटर सड़क से खसरा नम्बर 174, 184 राजस्व ग्राम राजोली की अन्तिम सीमा तक उक्त मार्ग को 60 फीट दिया जाना है। अतः राज्य सरकार की जारी अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के प्रोविजन 5.01 [E] (b)/(111) (b) सड़कों के प्रस्तवित मार्गधिकार का निर्धारण अनुसार निर्धारित प्रक्रिया (यथा आपत्ति / सुझाव ले-आउट समिति का निर्णय इत्यादि) पूर्ण करते हुये उक्त राजस्व रास्ते से ग्राम राजोली खसरा न. 415/293, 416/293, 417/293, 418/293, 419/293, 298/176. 171, 172, 397/299, 398/299, 399/299, 400/299, 392/299, 302/180, 304/183, 175, 430/182, 431/182, 423/305 का मार्गाधिकार निर्धारित (न्यूनतम 60 फीट) किया जाना है। अतः उक्त प्रस्तावित खसरा नं. 415/293, 416/293, 417/293, 418/293, 419/293, 298/176, 171, 172, 397/299, 398/299, 399/299, 400/299, 392/299, 302/180, 304/183, 175, 430/182, 431/182, 423/305 संस्थानिक प्रयोजनार्थ छ्रोच सड़क मार्गाधिकार 60 फीट चौड़ा किया जाने हेतु किसी भी संस्था/व्यक्ति को ऐतराज/आपत्ति हो तो अन्दर मयाद 10 दिवस में मय साक्ष्य / सबूत के अपने दस्तावेज जवाब अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति/ ऐतराज प्राप्त नहीं होने पर नगर परिषद द्वारा कार्यवाही सम्पादित की जावेगी। सूचित रहें।
(नवरतन शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद लालसोट

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 31/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री गिरीश शर्मा पुत्र श्री राजेन्द कुमार शर्मा निवासी बीच का मौहल्ला कोठी दशहरा अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यारा अधिनियम 1959 की धारा 23. के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री गिरधर गोपाल जी बीच का मौहल्ला अलवर (पंजीयन संख्या 414/75) में नवीन विधान तैयार कर दर्ज अभिलेख किये जाने व प्रन्यास का नाम मंदिर श्री गिरधर गोपाल जी उर्फ गोपाल जी ट्रस्ट रखने बाबत हुवे परिवर्तन को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 3/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीनं जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 9/10/2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4, जाब्ता दीवानी)
आज अदालत अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम- 9, जयपुर महानगर द्वितीय
ठा. श्री विजय गोविन्द
बनाम
दलजीत सिंह वगैरह
दावा बाबत् .....
मुकदमा नं. 24/25 सन् ....
बनाम .....
मुसम्मी अमर सिंह वल्द स्व. श्री दुर्गा सिंह कौम राजपूत
साकिन- भवानी क्लॉथ स्टोर, श्याम डूंगरी, कुण्डा, आमेर, जयपुर मो. 9829557405
चूंकि .... ने इस अदालत में तारीख .... माह....... सन् 20...... को 1. .... बनाम 2. .... दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि .... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी .... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. .... बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. .... आपको तारीख 08.09.2025 को प्रातः 10:30 बजे अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आप तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 29.08.2025 को जारी किया गया।
मोहर न्यायालय
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-9, जयपुर महानगर द्वितीय

संक्षिप्त

फार्मा मिलन का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकी) शाखा भरतपुर द्वारा फार्मा मिलन 2025 का आयोजन शहर के निजी होटल में किया गया। जिसमें हाल ही में नवचयनित फार्मासिस्टों का स्वागत एवं पदोन्नत फार्मासिस्ट ठोड-प्रथम का सम्मान समारोह किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव कपूर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष चौधरी एवं डॉ. अमर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तिलक चंद शर्मा, खैरथल तिजारा जिलाध्यक्ष संतोष एवं डीग के जिलाध्यक्ष इन्द्रप्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में 57 नवचयनित फार्मासिस्टों का माला एवं स्मृति चिंह देकर स्वागत किया गया, 9 फार्मासिस्टों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही में 12 फार्मासिस्ट ठोड प्रथम को प्रमोशन मिलने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि फार्मासिस्टों की स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका होती है इनकी ही मेहनत से मरीजों को मिलने वाली दवाईयों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित होती है। फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष तिलक चंद शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन फार्मासिस्टों के बीच संवाद बढाते हैं। कार्यक्रम में जिले भर से आये फार्मासिस्टों ने संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष बनवारी शर्मा ने बताया कि फार्मासिस्ट संवर्ग गत कई वर्षों से वेतन भत्तों से वंचित रहा है जिसके लिये राज्य सरकार को समय समय पर ज्ञापन देकर ध्यानाकर्षण किया गया लेकिन आज दिनांक तक सरकार ने किसी भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया है जिसके लिये आगे की रणनीति के लिए चर्चा की गई।

रक्तदान शिविर आयोजित

दौसा। श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में रविवार को प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के 48 वें जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें तीन दर्जन से युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर प्रभारी एवं कांठोस के युवा नेता महेंद्र गांगड़िया बताया कि सचिन पायलट युवाओं के किसानों के मसीहा है जन-जन के नेता है। हर वर्ष जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, मरीजों को फल वितरित एवं गौशाला में हरा चारा, गुड वितरण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उन्होने बताया कि आज शिविर में तीन दर्जन से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में दुर्गा शंकर उदावाला, जितेंद्र बैरवा, तोसिफ खान, पंकज सोनड, रवि, रामावतार काबलेश्वर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

पायलट जन्म दिन मनाया

भरतपुर (निस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी) सचिन पायलट के 48 वें जन्म दिन को टीम सचिन पायलट के द्वारा आनंद धाम वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों के साथ मनाया । टीम सचिन पायलट के साथी हेमेंद्र उपमन (चीकू) के साथ कांग्रेस नेता सुबोध चंसोरिया एडवोकेट, प्रोफेसर अरविन्द वर्मा, जय अनंत सिंह द्वारा केक काटकर एवं आवास परिसर में निवास कर रहे वृद्धजनों को भोजन प्रसाद गृहण करवा कर सादगी के साथ मनाया।

सचिन पायलट के जन्मदिन पर 73 यूनिट रक्त एकत्रित

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ओ पी बायला के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया।

■ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर सचिन पायलट की लंबी स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की।

पावटा। एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट व राजस्थान एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के जन्मदिन पर सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ओ पी बायला के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। शिविर संयोजक ओपी बायला ने बताया की शिविर मे कोटपूतली से राजकीय ब्लड बैंक एवं जीवनदाता ब्लड बैंक की टीमो ने 73 यूनिट ब्लड संठाहण किया। समाजसेवी सुरेंद्र मीणा ने बताया की कार्यक्रम मे ग्रामीण इलाके में युवाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। युवा नेता ओपी बायला ने कहा की रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता है यह मानव शरीर से ही बनता है और मानव के ही काम आता है। इसलिए युवाओं आगे आकर रक्तदान करना चहिये। जीवन में दान हजारों प्रकार के होते है लेकिन एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट व राजस्थान एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के जन्मदिन पर जो रक्त का दान किया गया है वह इस दुनिया का सबसे बड़ा दान है। उसके लिये वे क्षेत्र की जनता के सदैव कृतज्ञ रहेगें और सदैव जनता के हित के लिये तत्पर रहेंगे। वही इस दौरान सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड के नेतृत्व में उपजिला अस्पताल पावटा में मरीजों को फलों का वितरण व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर सचिन पायलट की लंबी स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता रामनिवास यादव, पूर्व प्रधान महादेव यादव, बलबीर सिंह, तेजपाल सिंह, रवि सैन, करतार सिंह शेखावत, वेद शर्मा व बडी संख्या मे कांठोस जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव 26 को

भरतपुर (निस)। महाराजा श्री अग्रसेन सेवा संस्थान शहर इकाई की कार्यकारिणी की बैठक किला स्थित कार्यालय प्रहलाद प्रसाद गुप्ता के निवास पर संरक्षक देवेंद्र नाथ गुप्ता एडवोकेट एवं प्रहलाद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में की गई बैठक में अग्रवाल समाज के विकास के विभिन्न मुद्दों एवं अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई साथ ही संरक्षक एडवोकेट देवेंद्र गुप्ता जी के पुत्र विपिन गुप्ता का राजस्थान हाई कोर्ट में न्यायाधीश बनने पर सम्मान किया गया शहर इकाई अध्यक्ष प्रहलाद प्रसाद गुप्ता एवं महामंत्री उमेश सिंघल एवं कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल ने बताया कि अठासेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में संस्था संरक्षक देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, अध्यक्ष प्रहलाद प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, महिला इकाई अध्यक्ष पारुल अठावाल, महासचिव सपना डीगिया एवं सुषमा गुप्ता मौजूद रहे।

पांच जोड़ों का पंजीयन किया

सांभरझील। कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी स्थित श्री ब्रह्म प्रजापति समाज धर्मशाला परिसर में रविवार को प्रातः 11 बजे प्रजापति समाज धर्मशाला विकास एवं विवाह समिति की बैठक समिति अध्यक्ष हुक्माराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान धर्मशाला के विकास कार्यों पर विस्तार से विचार विमर्श किये गये। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों द्वारा आगामी बसन्त पंचमी पर आयोजित होने वाले समाज के 11 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। सम्मेलन में 51 जोड़ों का लक्ष्य तय किया गया और रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। इसके चलते प्रथम दिन ही पांच जोड़ों का पंजीकरण किया गया। साथ ही सम्मेलन की तैयारियों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम आगे बताया कि वहीं बैठक में कोषाध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति ने धर्मशाला के विकास कार्यों के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल आसलपुर, राजेन्द्र प्रजापति, नन्दाराम प्रजापति, बोदूराम, सुभाष प्रजापति, अजय प्रजापति, शंकर लाल प्रजापति, रामवतार दम्बीवाल, दीपक प्रजापति सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

शहर और गांव चलो अभियान में होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से करवाएं : प्रभारी मंत्री

■ राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है

कोटपूतली। राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य व्यापक स्तर पर किये जा रहे हैं। सिंह रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र के राहत कार्य एवं लम्बित विकास कार्यो, फसल बीमा, सफाई कार्य कार्य के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वर्षा अधिक होने से कई स्थानों पर अतिवृष्टि की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने जिले में अतिवृष्टि से हुए मकानों,फसलों और पशुधन के नुकसान की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत-बचाव कार्यों को तत्परता और सक्रियता से गति प्रदान करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार तात्कालिक राहत के साथ-साथ बारिश और अतिवृष्टि से होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की परेशानियों को प्रभावी रूप से दूर कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित स्थानों पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर आपदा के तहत सहायता के प्रस्ताव तैयार करने, फसलों की समय पर गिरदावरी कराने, पेयजल, आवश्यक दवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी के भी निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावितों तक राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में प्रभारी मंत्री सिंह ने जिले में आपदा सहित विभिन्न मद से स्कूलों की मरम्मत के प्रस्ताव, जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों के प्रस्ताव लेकर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में शहर चलों अभियान, गाँव चलों अभियान, सहकार सदस्यता अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार शहर और गांव चलो अभियान के साथ-साथ सहकारिता सदस्यता अभियान के दौरान होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से चिन्हित करवाते हुए पूर्ण करवाया जाए। अभियान के दौरान होने वाले कार्यों के बारे में भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आम जनता को अभियान की समुचित जानकारी मिल सके। संबंधित विभागीय अधिकारी पूर्व में आवश्यक तैयारी कर लेवें ताकि अभियान के दौरान अधिकाधिक आमजन को लाभान्वित किया जा सके। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में डेंगू, मलेरिया, हैजा जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर एंटी लार्वा गतिविधियां और फॉगिंग गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।

43 मरीजों ने नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का लाभ उठाया

■ शिविर में आए मरीजों को फिजियोथेरेपी से संबंधित जानकारी दी गई

दौसा । श्री कृष्ण हॉस्पिटल दौसा में आज नि:शुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को फिजियोथेरेपी के महत्व से अवगत कराना और दर्द से पीड़ित मरीजों को अभ्यास द्वारा राहत पहुँचाना। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, ग्लोबल एण्ड जनरल हॉस्पिटल, जयपुर, डॉ. अरविंद शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद शिविर में आए मरीजों को फिजियोथेरेपी से संबंधित जानकारी दी गई और उनको परामर्श किया एवं उपचार किया गया। शिविर का संचालन अनुभवी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रितिका जैन और डॉ. मनोज चौधरी ने किया। दोनों विशेषज्ञों ने मरीजों को विभिन्न समस्याओं जैसे घुटनों का दर्द, पीठ दर्द, गठिया, लकवा, खेल संबंधी चोटे, हड्डी टूटने के बाद जकड़न तथा अन्य मांसपेशीय व हड्डी से जुड़ी बीमारियों के बारे में जांचकर उपचार प्रदान किया। शिविर में 43 मरीजों ने भाग लिया और जिन्हे आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों से लाभान्वित किया। मरीजों ने बताया कि ऐसे शिविर छोटे शहरी क्षेत्रों के लिए बेहद उपयोगी हैं, जहाँ उन्नत आधुनिक फिजियोथेरेपी सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। इस अवसर पर डॉ. रितिका जैन ने कहा कि फिजियोथेरेपी न केवल दर्द से राहत दिलाती है बल्कि जीवनशैली में सुधार कर लंबे समय तक शरीर को स्वास्थ्य बनाए रखने में मददगार है। वहीं डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि समय पर फिजियोथेरेपी से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है और यह मरीजों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। फिजियोथेरेपी आज के समय में सेहत सुधारने का एक सुरक्षित और असरदार तरीका माना जाता है। यह इलाज बिना दवाइयों और बिना सर्जरी के कई तरह की बीमारियों और तकलीफों को ठीक करने में मदद करता है। अगर किसी मरीज की हड्डी टूटने के बाद जकड़न या कमजोरी रह जाती है तो फिजियोथेरेपी की मदद से वह आसानी से ठीक हो सकता है। जल्दी स्वस्थ होने में भी यह बहुत कारगर है। पैरालिसिस यानी लकवा के मरीजों के लिए फिजियोथेरेपी बहुत फायदेमंद होती है, क्योंकि यह शरीर की बंद हो चुकी नसों और मांसपेशियों को फिर से सक्रिय करने का सार्थक काम करती है। खेल-कूद में लगी चोटों का इलाज करने में भी इसका बहुत महत्व है। गठिया और उम्र बढ़ने से होने वाले दर्द में भी यह राहत देती है। बुजुर्गों को गिरने से बचाने, संतुलन बनाए रखने और उनकी गतिशीलता (चलने-फिरने की क्षमता) बढ़ाने में फिजियोथेरेपी बड़ी सहायक है। आज की भागदौड भरी जिंदगी में गलत तरीके से लम्बे समय बैठना, लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल चलाना और गलत जीवनशैली अपनाने भी शरीर में दर्द और समस्याओं का कारण बनते हैं। फिजियोथेरेपी इन समस्याओं का सरल और प्राकृतिक समाधान है। यह न केवल दर्द कम करती है बल्कि शरीर को मजबूत बनाकर जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर करती है। फिजियोथेरेपी हर उम्र के लोगों के लिए उपयोगी है और यह उन्हे स्वस्थ, सक्रिय और स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करती है।

विरोध जुलूस निकाला

भरतपुर । भरतपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी द्वारा तोप सर्किल से स्टेशन रोड पर प्रस्तावित ऐलीवेटेड ओवरब्रिज के विरोध में जुलूस निकाला, जिसमें सोसायटी के लगभग 125-140 सदस्यों ने हाथों में तख्ती पर "हम सब एक हैं, फ्लाई ओवर के खिलाफ हैं" तथा काले झण्डे दिखाकर विरोध प्रकट किया। सोसायटी भवन पर सभी पुनः एकत्रित होकर अगली विरोध रणनीति पर चर्चा की एवं रोष प्रकट किया कि हमारा शांतिपूर्वक आन्दोलन गत 8 दिनों से चल रहा है लेकिन शासन प्रशासन के अधिकारीगणों के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है कि वह हमें सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करे कि सडक व ऐलीवेटेड ब्रिज की चौडाई क्या है ? सभी ने पूरे जोर की आवाज में कहा कि सरकार के प्रतिनिधि, संबंधित ऐजेन्सी व संबंधित पीडब्लूडी विभाग द्वारा कोई भी सूचना नहीं देने से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई है वह शीघ्र ही इसका निराकरण नहीं किया गया तो इस आन्दोलन को तीव्र गति से चलाया जावेगा जिससे प्रशासन व शासन को सूचना देने को बाध्य किया जाये व भारी शंका समाधान जनहित में किया जावे एवं यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 8.9.25 को मुख्यमंत्री जन सुनवाई केन्द्र पर मुख्यमंत्री जी के नाम इस संदर्भ में ज्ञापन दिया जावे ।

सार-समाचार

छात्रावास भवन का शिलान्यास

कोटपूतली । राज्यमंत्री राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने रविवार को श्रीमति पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली में छात्रावास भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम बृजेश चौधरी भी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने विधिवत भूमि पूजन एवं पूजा अर्चना कर बजट घोषणा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए घोषित छात्रावास भवन का शिलान्यास किया। सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उच्च शिक्षा विशेषकर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। विधायक की अनुशंसा पर निर्मित 50 बैड का यह छात्रावास क्षेत्र के लिए एक सौगात है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है और समाज के वंचित व अभावग्रस्त तबकों के कल्याण हेतु बजट की कोई कमी नहीं रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के कई प्रयास किए जा रहे है, महिलाऐं शिक्षित व आत्मनिर्भर होगी तो मजबूज राष्ट्र का निर्माण होगा। विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की आवश्कताओं के मद्देनजर व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री से छात्रावास के निर्माण हेतु अनुशंषा की थी। उन्होंने क्षेत्र की मांग को बजट में घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे जिले के पिछडे व वंचित वर्गों की बालिकाओं को निरूशुल्क सुविधायुक्त छात्रावास का लाभ मिलेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. पी. गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र की अनेकों बालिकाएँ जो उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत है, वे रहन-सहन की उचित व्यवस्था न होने व अभावो के कारण स्कूली शिक्षा के पश्चात ड्रॉपआउट हो जाती है जिससे उच्च शिक्षा में राजस्थान की प्रगति दर प्रभावित होती है। कन्या महाविद्यालय परिसर में स्थित यह छात्रावास उन्हे अध्ययन के साथ-साथ एक उचित परिवेश देगा। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन, कार्यकारी एजेन्सी कृषि विपणन बोर्ड के अभियन्ता अखिलेश मिश्रा, सहायक अभियन्ता महेश मीणा, कनिष्ट अभियन्ता राकेश कुमार तथा जनप्रतिनिधि जयराम सरपंच सहित आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर विमल कुमार यादव ने किया।

विष्णु सैनी सदस्य बने

भरतपुर (निस)। भरतपुर में मथुरा, सेवर बाईपास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाअध्यक्ष विष्णु सैनी का भव्य स्वागत किया गया। हाल ही में उन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राजभाषा सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह सम्मान समारोह गिरिराज प्रसाद सैनी (जनूथर वाले) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज बंधुओं ने विष्णु सैनी का चांदी का मुकुट, फूल मालाएँ एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें पदम सैनी, रामरूप सैनी, रामदयाल कुशवाहा, चतर सिंह सैनी, मानसिंह सैनी, विजय सिंह सैनी, गजेंद्र सैनी, दुलीचंद सैनी, भगवान सिंह सैनी, श्यामलाल सैनी, लोकेश सैनी, यादराम सैनी, योगेश, दौलत सैनी, खुशीराम, डिंपल, धर्म सिंह सैनी, सुरेश पार्षद, झम्मन सैनी, बुलाकी सैनी, मुकेश सैनी, संजीव सैनी, लालराम सैनी, ओम प्रकाश सैनी, लीलाधर पहलवान, भरत पटेल, कैलाश चंद सैनी, सुनील सैनी, प्रीतम सैनी, मोहनलाल सैनी, भागचंद सैनी एवं मानसिंह सैनी एवं जसवंत सिंह कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग पवन तिवारी कनिष्ठ अभियंता नगर निगम एवं राजकीय ठेकेदार राजीव चौधरी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि सैनी, माली, कुशवाहा, शाक्य एवं मौर्य समाज के लिए गौरव का विषय है।

सिंघल कोषाध्यक्ष निर्वाचित

भरतपुर (निस)। महाराजा श्री अग्रसेन सेवा संस्थान राजेन्द्र नगर जवाहर नगर भरतपुर के दो वार्षिक 15 सदस्यीय कार्यकारणी के चुनाव, चुनाव अधिकारी एडवोकेट सी एम गुप्ता की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 15 सदस्यीय कार्यकारणी के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए उसके उपरांत 15 कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित सदस्यो में से राम कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, कपिल गुप्ता को महामंत्री, पंकज सिंघल को कोषाध्यक्ष, अंजुम सिंघल को उपाध्यक्ष, बं मुनेश गुप्ता को सहसचिव निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव कार्यक्रम में राकेश गुप्ता, के के गर्ग, रमेश सिंघल, सुरेश बंसल, जो सी गोयल, प्रशोतम गुप्ता, रवि गुप्ता, के बी बंसल, के बी गोयल, सुबोध आर्य, प्रमेंद्र गुप्ता, के अलावा संस्थान के सैकडों सदस्य उपस्थित रहे। अंत में चुनाव अधिकारी ने निर्वाचित सभी सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। चुनाव प्रक्रिया में एडवोकेट रामवीर डागुर, युवराज मित्तल ने सहयोग प्रदान किया।

स्थापना दिवस मनाया

भरतपुर (निस)। श्री भट्ट ब्राह्मण समाज का प्रथम स्थापना दिवस एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में डॉ. गर्ग का भट्ट ब्राह्मण समाज की ओर से साफा, माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ. गर्ग ने सामाजिक कार्यों में निष्ठा के साथ भाग लेने का आव्हान करते हुये कहा कि समाज सर्वोपरि है। समाज के लिये समर्पण भाव के साथ कार्य करना चाहिये। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित प्रान्तों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

पंजा दंगल विजेता टीम दौसा को ट्रॉफी

दौसा । दौसा जिला आर्म रैसलिंग एसोसिएशन एवं पं. पंकज शर्मा आर्म रैसलिंग ट्रेंनिंग अकेडमी दौसा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय राजकीय पीजी कॉलेज दौसा के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दौसा पंजा दंगल का आयोजन किया गया। दौसा पंजा दंगल का शुभारंभ भाजपा के संभागीय मीडिया प्रभारी मुकेश भारद्वाज, प्रोफेसर अमेरिका सिंह राठौड़, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार शर्मा ने किया। खेल मीडिया प्रभारी जयसिंह मीणा ने बताया कि दंगल में मास्टर महुआ, शेर सिकराय, गब्बर गुढा कटला, मिलिट्री मानपुर, बुल्स सैथल, बादशाह लवाण, दौसा दबंग, गोठडा, मेहंदीपुर बालाजी, लालसोट लियोन, फर्स्ट जंक्शन बांदीकुई, सिटी टाइगर दौसा सहित प्रदेश की 15 टीमों ने हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय एथलीट खिलाड़ी, भारतीय आर्म रेसलर पं. पंकज शर्मा ने बताया कि यह दौसा दंगल का पहला सेशन है, और दौसा जिले को राजस्थान के टॉप पर पहुंचाना है। खेल मीडिया प्रभारी जयसिंह मीणा ने बताया कि पंडित पंकज शर्मा के अथक प्रयास और मेहनत से दौसा जिले में यह खेल प्रत्येक गांव ढाणी और कस्बे से खिलाड़ी तैयार कर दिये है, अभी तक इस खेल के लिए शर्मा के प्रयास ने 5 हजार खिलाड़ी तैयार कर दिए, जिसमें से अनेको खिलाड़ी नेशनल लेवल तक खेल खेल चुके हैं और खेल में अपना परचम लहरा रहे हैं। पंडित शर्मा के अथक प्रयास से आर्म रेसलिंग गेम्स अभी यूनिवर्सिटी गेम्स में भी शामिल हो चुका है। इस खेल से विनर होने के बाद राजस्थान सरकार में सपोर्ट कोटे से राजस्थान पुलिस कई विभागों में नियुक्ति दी जा रही है, आने वाले समय में यह खेल बुलंदियों पर पहुंचेगा।

पूर्व जिला दौसा खेल अधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड व कुलपति ने अनुराधा गोस्वामी, दिव्यांग पुनर्वास विशेषज्ञ व पंडित पंकज शर्मा को गुरु रतन 2025 पुरस्कार देखकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमकुम मीणा, शिवम शर्मा, नीरज शर्मा, अक्षयशर्मा, हरकेश मीणा, अभिषेक पोसवाल, मनीष शर्मा, अनिल गुर्जर, सूरज मीणा को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

विजेता टीम को किया सम्मानित: दंगल 2025 का समापन राजकीय पंडित नवल किशोर पीजी कॉलेज के इंदौर ऑल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुआ। जिसमें 15 जिले की 15 जिलों की टीमों में भाग लिया। टीम रनर ऑफ टीम जिले की टीम रही और टीम फाइनल विजेता टीम दौसा रही। विजेता टीम को 5:30 फीट की हाइट ट्रॉफी एवं 21 हजार पुरस्कार राशि से तथा सभी प्लेयर्स को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। पूर्व शिक्षा अधिकारी सुशील शर्मा ने चैंपियन ऑफ चैंपियन टीम्स दौसा दबंग के सभी खिलाडियों को मेडल सेरिमनी से सम्मान किया गया। राष्ट्रीय पंजा अकादमी के महासचिव पंकज शर्मा ने आयोजन पर शुभकामनाये दी।

कलक्टर ने चिकित्सा व्यवस्थाओं व प्रगतिरत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का जायजा लिया

■ प्रगतिरत निर्माण कार्यों, रिनोवेशन व अपठोडेशन कार्यों को गति प्रदान कर गुणवत्ता युक्त तरीके से ठोप की पाबंदियों से पहले पूर्ण करें

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय, शिशु व महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

